राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारित

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
YouTube Linked in
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023
(Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

सुरत-गुजरात, संस्करण गुरुवार,27अगस्त2020 वर्ष-3, अंक -211 पृष्ठ-10 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## भारत में भले बढ़ रहे हैं कोरोना के मामले, लेकिन घट रहा महामारी का खतरा, सरकारी आंकड़े दे रहे गवाही

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामले बढ़ने के बावजूद बीमारी का घातक स्तर घटता दिख रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब ऐसे रोगियों की संख्या महज 0.29 फीसदी रह गई है, जिनका वेंटीलेटर पर इलाज चल रहा है। अप्रैल में जब बीमारी देश में पैर पसार रही थी, तब यह प्रतिशत 1.1 फीसदी दर्ज किया गया था, लेकिन मई में इसमें कमी आई थी तथा 0.38 फीसदी तक नीचे आ गया था। अब यह न्यूनतम स्तर पर है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि महज 0.29 फीसदी कोरोना के मरीज ही वेंटीलेटर पर हैं। इस प्रकार देश में इस समय कोरोना के 704348 सक्रिय मरीज हैं, जिनमें से करीब 2024 मरीज ही वेंटीलेटर पर हैं। कोरोना के अस्पतालों में 20 हजार से भी अधिक वेंटीलेटर बेड का इंतजाम कोरोना रोगियों के लिए है। किसी मरीज को वेंटीलेटर पर तब रखा जाता है, जब वह खुद से सांस न ले पाए। वेंटीलेटर उसे सांस लेने के लिए कृत्रिम ताकत प्रदान करता है।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या 1.92 तथा ऑक्सीजन पर भर्ती 2.70 फीसदी हैं। यदि प्रतिशत को संख्या में बदलें तो 13523 लोग आईसीयू में तथा 19017 मरीज ऑक्सीजन पर हैं। बता दें कि अप्रैल में 4.8 फीसदी मरीज आईसीयू में तथा 3.3 फीसदी मरीज ऑक्सीजन पर थे। वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के निदेशक डॉ. जुगल किशोर ने कहा कि वेंटीलेटर पर रोगियों का कम होना अच्छा संकेत है। इसके तीन प्रमुख कारण हैं। एक वायरस का घातक स्तर पहले से थोड़ा कम हुआ है। यह करीब-करीब हर संक्रामक बीमारियों में होता है।

## अपने भाई की तरह ही उत्तर कोरिया का तानाशाह बन सकती है किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग

**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग उन के कोमा में होने की खबरों के बीच विशेषज्ञों का कहना है कि उसकी बहन किम यो जोंग अपने भाई की तरह ही सख्ती के साथ उत्तर कोरिया पर शासन कर सकती हैं। किम की बिगड़ती सेहत के बारे में रिपोर्ट्स सामने आने के बाद से वैश्विक विशेषज्ञ उत्तर कोरिया के भविष्य और दुनिया के लिए शासन बदलने के बारे में चर्चा कर रहे हैं। दक्षिण कोरियाई खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में बताया गया है कि किम ने अपनी बहन को सत्ता सौंप दी है। इस खबर पर कई ने चिंता जाहिर की है। अमेरिकी सेना के कर्नल डेविड मैक्सवेल ने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया, परिवार की प्रतिष्ठा और इतिहास को देखते हुए, वह लोहे की मुट्ठी (सख्ती से) से शासन करगी।

टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के फ्लेचर स्कूल ऑफ लॉ एंड डिप्लोमेसी की प्रोफेसर सुंग-यूं ली ने बताया, हालांकि किम जो योंग महिलावादी प्रतीत होती है, ÷शासन की प्रकृति की मांग वह निर्दयी है, खासकर पहले कुछ वर्षों में।÷ हर्मिट किंगडम को पहले से ही कठिन उपायों को लागू करने के लिए जाना जाता है और उल्लंघन करने वालों के साथ कठोर व्यवहार किया जाता है।

बीबीसी के एक पूर्व पत्रकार का कहना है कि यह संभव है कि किम जोंग उन की मौत पहले ही हो चुकी है। रॉय कैली ने E&press.co.uk को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मैं ईमानदारी से मानता हूं कि वह मर चुका है, लेकिन आप अभी उस देश को यह नहीं बता सकते।

कोरियाई हेराल्ड ने दक्षिण कोरिया के दिवंगत राष्ट्रपति किम डे-जंग के पूर्व सहयोगी के हवाले से कहा, मैंने उन्हें (किम जोंग-उन) कोमा में होने का आकलन किया था, लेकिन उनका जीवन समाप्त नहीं हुआ है। सियोल की जासूसी एजेंसी ने कानूनविदों को एक बंद कमरे में हुई बैठक में सत्तारूढ़ प्रणाली के बारे में बताया कि किम ने स्थापित किया था, जिसके बारे में वह अपने सबसे भरोसेमंद सहयोगियों के साथ प्राधिकरण और जिम्मेदारी साझा करेंगे। दक्षिण कोरियाई दैनिक ने इसकी जानकारी दी है। द कोरियन हेराल्ड के अनुसार, नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी ने हालांकि कहा कि नई प्रणाली किसी भी गंभीर स्वास्थ्य मुद्दे से जुड़ी नहीं है।

इस बीच, एक कोरियाई वेबसाइट शिनमोन्गो ने रिपोर्ट को बेतुका बताया और उस समय की याद दिलाई जब 23 अप्रैल को किम की मौत की अफवाह फैलने के बाद चांग को बहुत शर्मिंदा होना पड़ा था। रिपोर्ट्स के बाद, केली ने उत्तर कोरिया के किम जोंग-उन पर अस्पष्ट बयानों के बारे में कहा कि कुछ बड़े बदलाव लाए जा रहे हैं।

उत्तर कोरिया की अंतिम आधिकारिक रिपोर्ट्स में कहा गया है कि किम जोंग उन ने देश की अर्थव्यवस्था के लिए सख्त चेतावनी जारी की है कि उन्होंने अपनी बहन को कुछ शक्ति सौंपी है, जिसमें अमेरिका के साथ संबंधों की जिम्मेदारी भी शामिल है।

## पुलवामा आतंकी हमला-फोटो, चैट हिस्ट्री और एक मोबाइल फोन से NIA ने सुलझाई केस की गुत्थी

**नई दिल्ली।** पुलवामा आतंकी हमले की गुत्थी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सुलझा ली है। मंगलवार को इस केस में चार्जशीट दाखिल कर दी गई। जांच के क्रम में ही मसूद अजहर के भतीजे मोहम्मद उमर फारूक, पाकिस्तानी आतंकवादी कामरान अली और कारी यासिर जैसे आतंकवादियों के सुरक्षा बलों ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। 29 मार्च, 2019 को हमले में शामिल एक महत्वपूर्ण आतंकी फारूक की मौत हो गई, लेकिन उसका मोबाइल फोन कई महीनों तक जम्मू-कश्मीर पुलिस के पास पड़ा रहा।

यह मोबाइल फोन के रूप में दिसंबर 2019 में एनआईए के लिए आशा की पहली किरण आई। फारुक के मोबाइल फोन से कई फोटो, वीडियो और बातचीत के रिकॉर्ड जांच एजेंसी को हाथ लगे। एक अधिकारी के अनुसार मोबाइल में आतंकी के पाकिस्तान से भारत तक यात्रा की कई तस्वीरों के साथ-साथ उसके गुर्गों और बम बनाने की प्रक्रिया की भी तस्वीर थी।

इसके अलावा जांच के दौरान जैश-ए-मोहम्मद नेतृत्व के साथ उसकी




व्हाट्सएप पर हुई बातचीत, मुख्य रूप से उसके चाचा अब्दुल रूफ असगर, पाकिस्तान में अम्मार अल्वी और घाटी से अन्य ऑपरेटिव से चैट का ब्यौरा मिला। जल्द ही, इंस्पेक्टर जनरल अनिल शुक्ला, डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल सोनिया नारंग और पुलिस अधीक्षक राकेश बलवाल के नेतृत्व में जांच दल को फारूक के फोन में एक कश्मीरी युवक शाकिर बशीर मगरे की तस्वीर मिली, जिसकी पहचान पुलवामा के काकापोरा के निवासी के रूप में की गई थी।

शाकिर बशीर मगरे, विस्फोट स्थल के पास चीरघर चलाता था, जहां से उसने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले की टोह ली थी। इस मामले में उसे 28 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। यह पाया गया कि उसके घर का इस्तेमाल विस्फोटकों को स्टॉक करने और बम बनाने के लिए किया गया था। उसी बम का इस्तेमाल सीआरपीएफ के काफिले पर हमला करने और 40 सुरक्षाकर्मियों को मारने के लिए किया गया।

चैट रिकॉर्ड में एनआईए को यह पता चला हमले के बाद जब भारतीय और पाकिस्तानी फाइटर जेट डॉगफाइट में लगे हुए थे तब फारुक यह चर्चा कर रहा था कि ÷दोनों देशों के बीच युद्ध होना चाहिए÷ क्योंकि यह सैकड़ों लोगों को मौका देगा जैश के लड़ाके भारत में घुसपैठ करने के लिए।

एनआईए ने उन वार्तालापों को भी खोज निकाला, जो यह साबित कर रहा था कि पाकिस्तान में बैठ फारूक के चाचा ने उसे पुलवामा के बाद दूसरे हमले की तैयारी के लिए निर्देश दे रहा था। लेकिन जैश को पाकिस्तान पर बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के मद्देनजर अपनी योजनाओं को रद्द करना पड़ा।

एजेंसी को पाकिस्तान के एलाइड बैंक लिमिटेड और मीज़ान बैंक में फारूक के दो बैंक खाते मिले, जिसमें पुलवामा हमले के लिए पैसा जमा किया गया था। फारूक के फोन से बरामद सेल्फी, फोटो, वीडियो और चैट ने एनआईए को पाकिस्तान की आतंकी साजिश की कड़ी स्थापित करने में मदद की।

## अनलॉक-4 में चलने को मेट्रो तैयार, प्लेटफार्म पर भीड़ से तय होगी स्टेशन में एंट्री

**नई दिल्ली।** कोरोना अनलॉक चार में सितंबर से चलने के लिए तैयार मेट्रो में यात्रियों के लिए सफर आसान नहीं होगा। पहली मुश्किल मेट्रो स्टेशन में प्रवेश को लेकर है। स्टेशन में आपको प्रवेश मिलेगा कि नहीं, यह उस स्टेशन के अंदर प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों की संख्या पर भी निर्भर होगा। मेट्रो लाइन को आपस में जोड़ने वाले इंटरचेंज मेट्रो स्टेशन में भीड़ एकत्रित नहीं होने को लेकर दिल्ली मेट्रो ने खास योजना बनाई है। प्लेटफार्म पर होने वाली भीड़ की निगरानी करना स्टेशन कंट्रोलर की जिम्मेदारी होगी। वह प्रवेश गेट पर तैनात सीआईएसएफ कर्मी के साथ मिलकर यह तय करेगा कि प्लेटफार्म पर अधिक भीड़ होने पर स्टेशन में प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। दिल्ली मेट्रो में कुल 23 से अधिक ऐसे स्टेशन हैं, जो कि दो या उससे अधिक लाइन को आपस में जोड़ते हैं। इसमें कुछ ऐसे इंटरचेंज स्टेशन हैं, जहां पर एक दिन में एक लाख से लेकर 5 लाख तक के यात्रियों की आवाजाही आम दिनों में होती है। कोविड महामारी के दौरान मेट्रो परिचालन के दौरान यहां पर भीड़ ना हो इसके लिए मेट्रो ने खास तैयारी की है। इसके अलावा मेट्रो ने वैशाली, हुडा सिटी सेंटर, मंडी हाउस जैसे करीह 13 से अधिक मेट्रो स्टेशन चिन्हित किए हैं, जहां पर ज्यादा भीड़ होती है। इंटरचेंज स्टेशन अभी एक लाइन से दूसरे लाइन पर जाने के लिए एक ही रास्ते का प्रयोग होता है। जब दोनों लाइन पर एक ही समय पर ट्रेन आती है तो वहां रास्तों पर भीड़ होती है। आते-जाते लोग आपस में टकराते भी हैं। मेट्रो इंटरचेंज स्टेशन पर एक लाइन से आने-जाने के लिए अलग-अलग रास्ते तैयार करेगी। स्टेशन पर प्रवेश व निकास के लिए बने महज 50 फीसदी गेट ही खोले जाएंगे। जिससे स्टेशन के प्रवेश गेट पर ही भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। इसके लिए प्रवेश गेट से लेकर एएफसी गेट पर मेट्रो ने मार्किंग करने का काम शुरू कर दिया है।



✔ बीजेपी के एक दूसरे पदाधिकारी ने कहा, डेटा प्रोटेक्शन बिल और लेबर कोड सहित अन्य विधायी मुद्दे भी हैं जिसे सत्र के दौरान विचार के लिए लाए जाने की संभावना है। दिसंबर 2019 में शीतकालीन सत्र में पेश किया गया डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019, डेटा संग्रहण और साझा करने के नियमों से संबंधित है, जो कि नागरिकों के लिए उनकी व्यक्तिगत जानकारी पर परिभाषित करता है। वर्तमान में एक संयुक्त संसदीय समिति द्वारा इसकी जांच की जा रही है।

## हंगामेदार रह सकता है संसद का मानसून सत्र, विपक्ष के आरोपों का जवाब देने के लिए सरकार भी तैयार

● भाजपा के एक पदाधिकारी ने कहा, चीन और महामारी के बारे में विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का पहले ही जवाब दिया जा चुका है और वे केवल राजनीति के लिए इन मुद्दों का उपयोग कर रहे हैं। पार्टी के पदाधिकारी के मुताबिक, इस साल मार्च में हुए सत्र में 10 अध्यादेश पारित किए गए थे, जिन्हें विचार के लिए लाया जाएगा। आपको बता दें कि अध्यादेश छह महीने के बाद समाप्त हो जाते हैं और उन्हें एक बिल के रूप में पास करना अनिवार्य होता है।

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के 14 सितंबर से शुरू होने की संभावना है। कोरोना महामारी के बीच होने जा रहा यह सत्र काफी हंगामेदार होने की संभावना है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को कोरोना महामारी, लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प जैसे मुद्दों पर विपक्ष के विरोध का सामना करना पड़ेगा। बीजेपी ने भी खुद को इसके लिए तैयार कर लिया है।

विपक्ष, मुख्य रूप से कांग्रेस लगातार कोरोना महामारी और लॉकडाउन के कारण पटरी से उतरी देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लगातार सरकार पर हमलावर है। साथ ही कांग्रेस



ने सरकार पर आरोप लगाया है कि गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष की घटना की जानकारी देने के बारे में पारदर्शी तरीका नहीं अपनाया गया।

भाजपा के एक पदाधिकारी ने कहा, चीन और महामारी के बारे में विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का पहले ही जवाब दिया जा चुका है और वे केवल राजनीति के लिए इन मुद्दों का उपयोग कर रहे हैं। पार्टी के पदाधिकारी के मुताबिक, इस साल मार्च में हुए सत्र में 10 अध्यादेश पारित किए गए थे, जिन्हें विचार के लिए लाया जाएगा। आपको बता दें कि अध्यादेश छह महीने के बाद समाप्त हो जाते हैं और उन्हें एक बिल के रूप में पास करना अनिवार्य होता है।

जिन अध्यादेशों को लिया जाएगा उनमें महामारी रोग (संशोधन) अध्यादेश- 2020, वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) अध्यादेश 2020, किसान (सशक्तीकरण और संरक्षण) समझौता मूल्य आश्वासन और कृषि सेवा अध्यादेश 2020 भी शामिल हैं। साथ ही सांसदों के वेतन से संबिधत अध्यादेश भी सदन के पटल पर लाए जा सकते हैं।

बीजेपी के एक दूसरे पदाधिकारी ने कहा, डेटा प्रोटेक्शन बिल और लेबर कोड सहित अन्य विधायी मुद्दे भी हैं जिसे सत्र के दौरान विचार के लिए लाए जाने की संभावना है।

दिसंबर 2019 में शीतकालीन सत्र में पेश किया गया डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019, डेटा संग्रहण और साझा करने के नियमों से संबंधित है, जो कि नागरिकों के लिए उनकी व्यक्तिगत जानकारी पर परिभाषित करता है। वर्तमान में एक संयुक्त संसदीय समिति द्वारा इसकी जांच की जा रही है।

### खतरा अभी टला नहीं ?

## दिल्ली में फिर पुराने तेवर में लौटा कोरोना, सात दिनों से फिर बढ़ रहा पॉजिटिविटी रेट

**नई दिल्ली।** दिल्लीवालों के लिए कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है। दिल्ली में कोरोना वायरस की संक्रमण दर एक सप्ताह से लगातार बढ़ रही है। इससे पहले जून में संक्रमण दर में इस तरह की बढ़ोतरी हुई थी। राजधानी में 17 से लेकर 24 अगस्त तक कोरोना संक्रमण की दर में लगातार वृद्धि हुई है। इसका मतलब है कि हर दिन जांच में पॉजिटिव मिलने वाले लोगों की हिस्सेदारी बढ़ी है। दिल्ली में 17 अगस्त को 5.25 फीसदी सैंपल पॉजिटिव मिले थे। वहीं 24 अगस्त को 8.90 फीसदी लोगों के सैंपल कोरोना संक्रमित पाए गए। यानी सप्ताहभर में संक्रमण दर में 3.65 फीसदी का इजाफा हुआ है।

**जून के अंतिम सप्ताह में संक्रमण दर कम होने से राहत मिली थी-**जून के अंतिम सप्ताह में लगातार नौ दिन तक कोरोना संक्रमण दर में गिरावट दर्ज की गई थी, जिससे विशेषज्ञों ने राहत की सांस ली थी। वहीं अब विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली में फिर से कोरोना की संक्रमण दर बढ़ना चिंता का विषय है। डॉक्टरों ने लोगों को बिल्कुल लापरवाही न बरतने के लिए कहा है।

**थर्मल स्कैनर, चेतावनी स्टिकर, ऑटो टॉप-अप...कैसी है मेट्रो की तैयारी?**

नए मरीजों से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं संक्रमण दर

एम्स के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर नवल विक्रम के मुताबिक हर रोज कोरोना के नए मामलों में तो उतार-चढ़ाव आ रहा है, लेकिन कोरोना के खतरे को मापने के लिए यह ज्यादा जरूरी है कि कितने लोगों की जांच हर रोज हो रही है और इसमें से कितने फीसदी लोगों के नमूने पॉजिटिव मिल रहे हैं। अगर जांचे गए सैम्पल में पॉजिटिव मिलने वाले सैंपल की हिस्सेदारी अधिक है और यह लगातार बढ़ती है तो यह चिंताजनक है। उदाहरण के लिए अगर किसी दिन ज्यादा लोगों की जांच हुई और संक्रमण दर भी अधिक रही तो कोरोना के मामले भी अधिक आएंगे।

इस तरह बढ़ी संक्रमण दर

17 अगस्त - 5.25 प्रतिशत
18 अगस्त - 6.7 प्रतिशत
19 अगस्त - 6.71 प्रतिशत
20 अगस्त - 7.0 प्रतिशत
21 अगस्त - 7.04 प्रतिशत

## अमेरिका, ब्रिटेन, जापान जैसे देशों में कोरोना वैक्सीन खरीदने की होड़, 2 अरब से ज्यादा डोज की बुकिंग

**नई दिल्ली।** रूस के विवादास्पद टीके को छोड़ दिया जाए तो दुनिया में अभी तक कोरोना का कोई टीका बाजार में नहीं आया है, लेकिन धनी देशों में टीके को खरीदने की होड़ लग चुकी है। अनुमान है कि 2021 के अंत तक दुनिया में टीकों की चार अरब डोज तैयार हो सकती हैं, लेकिन इनमें से दो अरब से ज्यादा डोज पहले ही धनी देश अपनी जनता के लिए खरीद चुके हैं। कम एवं मध्य आय वाले देश इस दौड़ में पिछड़ गए हैं। नेचर जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आठ प्रमुख टीकों में से छह टीकों पर धनी देश पहले ही काबिज हो चुके हैं। उन्होंने छह टीकों में दो अरब डोज की बुकिंग कर ली है। वे टीका बनाने वाली कंपनियों के साथ करार कर चुके हैं। उन्हें भुगतान भी कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आस्ट्राजेनिका के टीके के सबसे पहले आने की संभावना है। कंपनी अगले साल के अंत तक 2.94 अरब खुराक तैयार करेगी, जिसमें यूरोप, अमेरिका, ब्रिटेन, जापान तथा 92 लघु एवं मध्यम आय देशों ने 2.4 अरब डोज बुक कराई है। सबसे बड़ी हिस्सेदारी विकसित देशों की है। दूसरे टीके नोवाक्स की 1.35 अरब डोज तैयार होने की संभावना है, जिसमें अमेरिका एवं ब्रिटेन ने 16 करोड़, फाइजर के टीके में अमेरिका, जापान एवं ब्रिटेन ने 23 करोड़, मॉडर्ना के



टीके में अमेरिका ने 10.45 करोड़, जॉनसन एंड जॉनसन के टीके में यूरोप, अमेरिका एवं ब्रिटेन ने 33 करोड़, स्नोफी के टीके में यूरोप और अमेरिका ने 46 करोड़, वलनेवा टीके में ब्रिटेन ने छह करोड़, सिनोवाक में ब्रिटेन ने 37 करोड़, क्योरवैक में यूरोप ने 22.5 करोड़ खुराक खरीदी हैं।

**कोवाक्स फंड से उम्मीद**

गरीब एवं विकासशील देशों को टीके उपलब्ध कराने के लिए ग्लोवल वैक्सीन इनिसियेटिव यानी गावी ने कोवाक्स फंड बनाया है। उसने दो अरब खुराद खरीदने का लक्ष्य रखा है। जिनमें से एक अरब वह 92 कम एवं मध्यम आय देशों को मुफ्त देगी तथा एक अरब टीके 75 धनी देशों को मूल्य लेकर दिए जाएंगे। इस प्रकार धनी देशों को एक अरब टीके इस चैनल से भी मिलने जा रहे हैं, लेकिन गावी को इसके लिए एडवांस 18 अरब डालर कंपनियों को भुगतान करने होंगे। 30 करोड़ का करार वह आस्ट्राजेनिका से कर चुकी है।

**ब्रिटेन ने प्रति नागरिक पांच खुराक के हिसाब से खरीद की**

ब्रिटेन ने सबसे ज्यादा प्रति नागरिक पांच खुराक के हिसाब से टीके की खरीद आरंभ की है। जबकि अमेरिका एवं यूरोपीय यूनियन दो खुराक प्रति व्यक्ति खरीद रहे हैं। जापान का भी करीब-करीब यही रुख है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सीरम इंस्टीट्यूट ने आस्ट्राजेनिका के टीके के एक अरब डोज प्रतिवर्ष बनाने का ऐलान किया है, लेकिन इसमें से वह आधे भारत को तथा आधे गावी एवं अन्य देशों को प्रदान करेगा।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## संपादकीय

### लड़ाई अभी बाकी है

इंडियन मेडिकल कौंसिल ऑफ रिसर्च यानी आईसीएमआर ने कोविड-19 से जुड़े जो आंकड़े कल जारी किए हैं, वे काफी सकारात्मक संकेत देते हैं। यह ठीक है कि देश में कोराना संक्रमितों की संख्या लगभग 32 लाख हो चुकी है और इससे मरने वालों की तादाद अब 60 हजार के करीब पहुंच रही है, मगर ताजा आंकड़े बता रहे हैं कि ठीक होने वालों की दर बढ़कर 75 फीसदी से ऊपर हो गई है और मृत्यु-दर दो प्रतिशत से नीचे आ चुकी है। बल्कि एक्टिव मामलों से तीन गुना ज्यादा लोग अब इस वायरस को मात देकर बाहर निकल चुके हैं। निस्संदेह, इसके पीछे एक बड़ी वजह जांच की बढ़ी संख्या है। शुरुआत से ही तमाम विशेषज्ञों की यह राय थी कि ज्यादा से ज्यादा जांच ही इस महामारी में प्रभावी फर्क डाल सकती है। आईसीएमआर के आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब तक तीन करोड़, साठ लाख से अधिक जांच हो चुकी है और अब रोजाना लगभग दस लाख लोगों की जांच की जा रही है। हाल के दिनों में सुधरते आंकड़ों का एक बड़ा असर यह पड़ा है कि लोगों के भीतर हालात के तेजी से सामान्य होने की उम्मीद बढ़ी है। दो माह पहले जो एक किस्म की बदहवासी या बेबसी दिख रही थी, वह अब लोगों के जेहन से उतर रही है। राजधानी दिल्ली में तो हजारों लोग होम क्वारंटीन में ही वायरस की गिरफ्त से बाहर आ चुके हैं। दिल्ली के दूसरे सीरो सर्वे के आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं। यहां के 29 फीसदी से अधिक लोगों में एंटीबॉडी विकसित हो चुकी है। यही कारण है कि कोरोना के शुरुआती शिकार बने महानगरों में लोग अब कुछ एहतियात के साथ बाहर निकलने लगे हैं। कुछ राज्य सरकारों ने भी अपने यहां लगी पाबंदियां उठा ली हैं। कर्नाटक ने जहां दूसरे राज्यों से आवाजाही को लेकर जारी तमाम शर्तों को हटा लिया है, तो वहीं दिल्ली सरकार ने केंद्र से अपील की है कि कुछ एहतियात के साथ 1 सितंबर से मेट्रो रेल सेवा शुरू करने की इजाजत दी जाए। इसमें कोई दोराय नहीं कि दिल्ली की लाइफ लाइन मेट्रो की शुरुआत यहां के लोगों के मनोविज्ञान पर काफी सकारात्मक असर डालेगी। लेकिन इन पुरउम्मीद एहसासों के बीच हम इस तथ्य को नजरंदाज नहीं कर सकते कि अब भी रोजाना 60 हजार से अधिक लोग देश में इस वायरस की गिरफ्त में आ रहे हैं और हमारे सबसे बड़े व सघन आबादी वाले उत्तरी राज्यों में जांच की रफ्तार उम्मीद के मुताबिक नहीं है। इस वायरस की डब्ल्यूएचओ से अनुमोदित किसी वैक्सीन के आने में अभी वक्त है। ऐसे में, हमें अभी बचाव के उपायों से ही इसे काबू में करना है। एक बड़ी चुनौती यह भी है कि संक्रमण अब छोटे कस्बों और गांवों तक पसर चुका है, जबकि आने वाले महीने बड़े त्योहारों के हैं। तमाम सरकारी इमदादों के बावजूद लोग आर्थिक दबाव में हैं, ऐसे में त्योहारी सीजन में उनकी गतिविधियां तेजी से बढ़ेंगी। वैसी स्थिति में संक्रमण की आशंकाएं भी अधिक होंगी। फिर इस महामारी को लेकर एक चिंताजनक खबर यह भी आ रही है कि हांगकांग में एक ठीक हो चुका मरीज दोबारा इसकी गिरफ्त में आ गया है। इसलिए अभी काफी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शासन-प्रशासन के स्तर पर भी और समाज के स्तर पर भी, वरना अब तक के सारे परिश्रम, कोरोना वॉरियर्स की सारी बेमिसाल कुर्बानियां जाया हो जाएंगी।



## आज के ट्वीट

### खुदाई

सुशांत मामले में CBI..ED के बाद अब नारकोटिक ब्यूरो की भी एंट्री हो गई है.. रिया चक्रवर्ती का अब ड्रग कनेक्शन भी सामने आ रहा है, महेश भट्ट ड्रगिस्ट है ये भी जग जाहिर है... आसार साफ दिख रहे हैं.. इस मामले में बहुत गहरी खुदाई होने वाली है।

-अर्णव गोस्वामी

# सोशल मीडिया में बाधित वैचारिक आजादी

हर्षदेव



फेसबुक प्रतिष्ठान की विश्वसनीयता पर संदेह के काले बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिका और ब्रिटेन में पहले ही उससे सख्त सवालों के जवाब मांगे जा रहे थे कि अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जनरल में छपी एक खोज खबर ने भारत में भी उसके लिए खासी मुश्किलें पैदा कर दी हैं। रायटर्स समाचार एजेंसी के अनुसार उसके पास फेसबुक के 11 कर्मचारियों का वह पत्र मौजूद है, जिसमें खुलासा किया गया है कि भारत में कम्पनी की नीति निदेशक आंखी दास ने भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लोगों की साम्प्रदायिक-भड़काऊ सामग्री हटाने से रोका। साथ ही ऐसी पोस्ट डालने वालों पर कोई कार्रवाई से भी मना किया। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत विश्व में फेसबुक का सबसे बड़ा उपभोक्ता है जहां उसके 32 करोड़ से ज्यादा उपयोगकर्ता हैं। इस खोज खबर ने देश की राजनीति का तापमान काफी बढ़ा दिया है। कांग्रेस का तो सीधा आरोप है कि सोशल मीडिया, फेसबुक और व्हाट्सएप पर भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कब्जा किया हुआ है। फेसबुक का ईजाद 2004 में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों में आपसी संवाद के लिए हुआ था। जकरबर्ग यहीं पढ़ते थे। वह इस युक्ति को ले उड़े और चार सहपाठियों के साथ मिलकर यह कम्पनी शुरू कर दी, जिसने देखते ही देखते पूरी दुनिया में पांव पसार लिए। आज फेसबुक के 200 करोड़ से अधिक उपयोक्ता हैं। एक और बड़ी बात यह है कि लोगों का इससे जुड़ाव किसी व्यसन की तरह बढ़ता ही जा रहा है। सन् 2012 में जब इसका इस्तेमाल करने वालों की संख्या 100 करोड़ पर पहुंची थी तब फेसबुक द्वारा जारी तथ्यों के अनुसार उनमें से 55 प्रतिशत लोग उसका प्रयोग हर दिन करते थे। अब जब उनकी संख्या 2 अरब पर पहुंच गई है, उनमें से 65 प्रतिशत लोग इसका प्रतिदिन इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत की संसदीय समिति ने फेसबुक प्रबंधन को समन जारी करके कैफियत देने के लिए कहा है। विपक्ष की ओर से भी भारत और दक्षिण एशिया में कम्पनी की नीति निर्देशक आंखीदास से उनके आचरण के लिए चौतरफा जवाब मांगे जा रहे हैं। फेसबुक के ही स्टाफ के कुछ लोगों की ओर से यह जानकारी दी गई है कि व्यावसायिक फायदे के लिए आंखीदास ने मुस्लिम विरोधी भड़काऊ पोस्ट हटाने से मना किया। इनमें सबसे प्रमुख नाम तेलंगाना के भाजपा विधायक टी. राजासिंह का है, जिनके पोस्ट फेसबुक के अपने ही नियम-कायदों के खिलाफ थे और जिनमें मुस्लिम समुदाय के विरुद्ध बहुत आपत्तिजनक बातें कही गई थीं। ऐसे ही संदेश नेशन ऑफ़ इस्लाम के नेता लुइस फरक्खन और रेडियो होस्ट अलेक्स जोन्स ने भी पोस्ट किए। आपत्तिजनक होने के बावजूद आंखीदास ने निर्देश दिया कि मोदी की पार्टी से जुड़े लोगों के पोस्ट हटाने या उनके खिलाफ कार्रवाई करने से कंपनी के व्यावसायिक हितों को नुकसान पहुंचेगा। भाजपा के प्रति नरमी के रिश्ते सामने आने के बाद कांग्रेस ने इस पूरे प्रकरण की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराने की मांग रखी है। दिल्ली विधानसभा की एक समिति भी फेसबुक के कुछ कर्मचारियों को पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी में है। यह पूछताछ वह दिल्ली में फरवरी महीने में हुए दंगों के दौरान व्हाट्सएप और फेसबुक द्वारा अपनाई गई भूमिका को लेकर की जानी है। फेसबुक के प्रबंधन की ओर से नियम-कायदों को लागू किए जाने के तरीकों पर यूं ही तीखे सवाल नहीं उठ रहे हैं। दरअसल कम्पनी की नीति में एकरूपता ही नहीं है। उसके मुखिया जकरबर्ग अमेरिका में सांसदों से और विज्ञापनदाताओं से माफी मांगते हैं। ब्रिटिश सरकार उस पर पांच लाख पौंड का जुर्माना ठोक देती है जबकि सिंगापुर में कंपनी कहती है कि आपत्तिजनक पोस्ट वह तभी हटाएगी जब वे उसकी जानकारी में लाए जाएंगे। जहां तक भारत का प्रश्न है तो काफी समय बीत चुकने के बावजूद उसने कोई जवाब देने की जहमत तक नहीं उठाई है। अकेले फेसबुक और व्हाट्सएप पर ही उंगलियां नहीं उठती रही हैं, गूगल भी उसमें शामिल है। इन कम्पनियों ने लाखों उपयोक्ताओं का डाटा व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए बेच दिया। इस डिजिटल तकनीकी को लेकर दुनियाभर में पेचीदा समस्याएं सामने आ रही हैं। भारत में भी एक फोन सेवा प्रदाता कम्पनी ऐसा कर चुकी है। बाद में वह गलती से ऐसा होना बताकर बरी हो गई। डाटा के दुरुपयोग का प्रश्न भी बड़ा होता जा रहा है। प्रायः सभी देशों में सत्ताधारी अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए इस तकनीकी का बेजा इस्तेमाल करते हैं। वे इस तकनीकी की सुविधा प्रदान वाली कंपनियों से सांठगांठ करके अपनी ही जनता के साथ छल करते हैं। दुनियाभर में यह मांग जोर पकड़ रही है कि उपभोक्ताओं को फर्जी सूचनाएं और समाचार की पड़ताल करने और उनको खारिज करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए एक विश्वसनीय निगरानी तंत्र बनाए जाने की जरूरत है। यहां हमें विकीलीक्स के संस्थापक जूलियस असांजे की इस चेतावनी को जरूर याद रखना चाहिए कि इंटरनेट मानव सभ्यता के लिए अब तक का सबसे बड़ा खतरा है। असांजे ने अपनी पुस्तक सायफरपंक्स-फीडम एंड फ्यूचर ऑफ इंटरनेट में यहां तक आगाह किया है कि फेसबुक और गूगल हमारी अवस्थिति (लोकेशन), हमारे संपर्क और हमारी खुफियागिरी करने वाले अब तक के सबसे बड़े आविष्कार हैं। असांजे यह भी पूछते हैं कि क्या इस तकनीक की सहायता से हम ऐसी चुनौती से पार पा सकते हैं और क्या विश्व उस स्वतंत्रता के साथ सांस ले सकता है, जिसका दावा इंटरनेट सुविधा प्रदान करने वाले करते हैं। वाल स्ट्रीट जनरल के खुलासे के बाद भारत में फेसबुक और उसकी सहयोगी व्हाट्सएप की भूमिका के मामले को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच पैदा हुई राजनीतिक गरमागरमी को एक सामान्य घटनाक्रम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह बहुत गंभीर मसला है, जिसका सीधा संबंध लोगों की वैचारिक स्वतंत्रता, उनकी सामाजिक चेतना और राजनीतिक समझ से जुड़ा हुआ है। आगे होने वाली किसी भी जांच पड़ताल से पहले ही हमें इस नतीजे पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं है कि यह एक विदेशी व्यापारिक कंपनी द्वारा सत्ता के साथ मिलकर करोड़ों लोगों को अनुचित तरीके से प्रभावित करने का निंदनीय कारनामा है। इन तथ्यों के साथ यह भी स्वीकार करना होगा कि फेसबुक और सरकार के परस्पर संबंध और उनको संचालित करने वाले नियमों पर संदेह के गहरे बादल घिर आए हैं। हम 2013 से ही जब भाजपा अपने चुनावी अभियान का तूफान खड़ा कर रही थी, फेसबुक के मुखिया मार्क जकरबर्ग की अतिरिक्त सक्रियता के साक्षी रहे हैं। यह बहुत जरूरी है कि फेसबुक की सत्ता के गलियारों में आवाजाही और मिलीभगत से जुड़ी तमाम आशंकाओं और गलतफहमियों को सिरे से दूर किया जाये। यह तभी संभव होगा जब एक विश्वसनीय एजेंसी पूरे प्रकरण की जांच करे और सत्य को हमारे सामने लाए। लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

## ज्ञान गंगा

### परम मुक्ति

सद्गुरु

अगर आप इस जीवन के बारे में, इसकी प्रकृति के बारे में जानते हैं, अगर आप अपने जीवन के सभी आयामों से बखूबी परिचित हैं, तो आप यादों के उस बुलबुले के बारे में भी जानते होंगे, जिसमें फिलहाल आप अभी रह रहे हैं। आप उससे बाहर भी निकलना चाहेंगे। मान लीजिए कि पिछली यादें वापस आपके पास आई, किसी ने आपको इसके बारे में बताया नहीं, आपने वास्तव में महसूस किया, तो आप देखेंगे कि आप इसे हजारों बार कर चुके हैं, लेकिन फिर भी आप उसी एक जैसी प्रक्रिया से बार-बार गुजर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि आप अपने जीवन की प्रक्रिया पर नजर डालें..आप पैदा हुए, आपने चलना सीखा, यह आपके लिए सबसे रोमांचक चीज थी, आपने कोई चीज खाई, जो बेहद शानदार थी, इस तरह आप बड़े होते गए, फिर आपकी शादी हुई, आपने यह किया, वह किया, पैसा कमाया, बच्चे पैदा किए और फिर आप मर गए। मैं आपके जीवन की कहानी को थोड़ा छोटा करके पेश कर रहा हूं। उसके बाद आप फिर से पैदा हुए, पहली बार खड़े होने पर आप फिर से रोमांचित हुए, इतना ही नहीं, आप अपनी साइकिल चलाने पर भी खूब खुश हुए, आप फिर से अपनी गर्लफ्रेंड से मिले, आप बहुत खुश थे, और फिर से आपकी शादी हो गई और ऐसे ही यह सिलसिला चलता गया। बार-बार जीवन क्रम ऐसे ही दोहराता रहा। तो अच्छी तरह से रहने का मतलब है कि आपने जीवन के सभी पहलुओं को अच्छी तरह से समझ लिया। अगर आपने जीवन को जानने के लिए यहां मौजूद सभी चीजों को अच्छी तरह से समझ लिया तो अब तक तो आपकी यादों का वो बुलबुला फूट जाना चाहिए, जिसको आप सहेजकर रख रहे थे। अगर ये सारे बुलबुले आपके भीतर फूट पड़ें तो निश्चित रूप से आप दूसरे आयाम की ओर बढ़ना चाहेंगे। आज हर इंसान अपनी तरक्की चाहता है, भले ही वह कुछ भी कर रहा हो। आप स्कूल पढ़ने गए, क्या आपको स्कूली जीवन में मजा आया? बेशक आया। तो अगर स्कूल का जीवन इतना अच्छा था, तो क्या हम आपको हमेशा के लिए स्कूल में रख सकते हैं? या फिर आप कॉलेज जाना चाहेंगे? क्यों? क्योंकि यह मानव की प्रकृति नहीं होती। एक बार अगर उसे अहसास हो जाता है कि वह बार-बार उन्हीं चीजों को दोहरा रहा है तो वह परेशान होगा, उसे तकलीफ होगी।




# आज का राशिफल

**मेष** आय के नए स्त्रोत बनेंगे। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। अपनों से पीड़ा मिल सकती है। नेत्र विकार की संभावना है। खानपान में संयम रखें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

**वृषभ** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। भाई या पड़ोसी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल रहेंगे।

**मिथुन** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ेगा। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**कर्क** व्यावसायिक योजना सफल होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

**सिंह** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। अपनो से संबंधों में कटुता आयेगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**कन्या** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। संतान से पीड़ा मिल सकती है। किसी अभिन्न मित्र या रिश्तेदार का भरपूर सहयोग रहेगा। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे।

**तुला** आर्थिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। प्रणय संबंधों में कटुता आ सकती है। नेत्र विकार की संभावना है।

**वृश्चिक** रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**धनु** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। धन हानि की संभावना है।

**मकर** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। संतान के कारण चिंतित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। क्रोध व भावुकता में लिया गया निर्णय कष्टकारी होगा।

**कुम्भ** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। नौकरी पेशा व्यक्तियों के पद में उन्नति होने के योग हैं। वाद विवाद की स्थिति आपके हित में न होगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मीन** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। किसी रिश्तेदार के आगमन से मन प्रसन्न रहेगा।

# सीनेट संरचना पर पुनर्विचार की जरूरत

जयंती दत्ता

पंजाब यूनिवर्सिटी के सीनेट के चुनाव सितंबर 2020 में होने तय हुए हैं। कोविड-19 के संक्रमण के खतरे के बावजूद चुनाव सभी सरकारी निर्देशों को ध्यान में रखकर करने का निर्णय हुआ है। उत्तर-पश्चिमी भारत में, पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट के चुनाव काफी महत्व रखते हैं क्योंकि पंजाब यूनिवर्सिटी आजादी के भी पहले से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान करती रही है। लगभग 100 शिक्षा विभाग और 200 एफिलिएटिड महाविद्यालयों के माध्यम से यह विश्वविद्यालय इस क्षेत्र की बड़ी जनसंख्या से करीबी तौर पर जुड़ा रहा है। पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट जो इस विश्वविद्यालय की उच्चतम निर्णायक संस्था है, के पास यूनिवर्सिटी के मामलों, कारोबार तथा संपत्तियों के प्रबंधन तथा पर्यवेक्षण के अधिकार हैं। इसके सदस्यों का विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, स्टाफ, उनके परिवारों तथा समाज के हितधारकों पर काफी दबदबा रहता है। इसी कारण यह चुनाव काफी गंभीरता से लिए जाते हैं। कई उम्मीदवार इनमें चुने जाने के लिए अपना कीमती समय, कोशिश तथा पैसा बहुतायत में लगाने को तैयार रहते हैं और कई चुने गए सीनेटर दो-तीन दशकों तक अपना पद नहीं छोड़ते। पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट में 91 सदस्य हैं, जिनमें से विश्वविद्यालय के चांसलर, भारत के उपराष्ट्रपति 35 सदस्यों को नामित करते हैं, 6 एक्स-ऑफिशियो सदस्य होते हैं तथा बाकी 50 सदस्य चुनावों के माध्यम से आते हैं। ये सदस्य विश्वविद्यालय तथा 200 एफिलिएटिड कॉलेजों के प्रिंसिपल, प्राध्यापक तथा रजिस्टर्ड ग्रेजुएट दलों के प्रतिनिधियों के रूप में चुनकर आते हैं। विभिन्न कारणों से सीनेट की यह संरचना यूनिवर्सिटी तथा तथा कॉलेजों के संदर्भ में लिए गए निर्णयों को प्रभावित करती है और कई अनुत्तरित प्रश्नों को जन्म देती है, जिन पर चर्चा और विचार करना लोकहित में आवश्यक है। यूनिवर्सिटी विभागों की कार्यप्रणाली, यूनिवर्सिटी में प्राध्यापकों की भर्ती तथा पदोन्नति, एवं सेवा नियमों का निर्धारण करने वाली इस सभा में पंजाब यूनिवर्सिटी की केवल 4 सीटें ही निर्धारित हैं और इन निर्णयों पर कॉलेज के तथा अन्य क्षेत्रों के बहुसंख्यक सीनेटर ही हावी रहते हैं। सीनेट के 50 सदस्यों में से केवल 8 महिलाएं हैं (18 प्रतिशत) तथा 35 नामित सदस्यों में से केवल 5 महिलाएं हैं (17 प्रतिशत)। यह संख्या महिलाओं के नाममात्र प्रतिनिधित्व की निराशाजनक स्थिति की ओर इंगित करती हैं। परिवारवाद की राजनीति भी यहां काफी हद तक व्याप्त है। वर्ष 2020 के चुनावों के लिए 2.10 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं जबकि यूनिवर्सिटी के विभागों के प्रशासकीय तथा अकादमी कार्यों के लिए 5.30 करोड़ के बजट का प्रावधान है। इस भारी-भरकम खर्च का पिछले कुछ वर्षों में विरोध भी किया गया है। सीनेट की संरचना का सबसे हैरान करने वाला भाग रजिस्टर्ड ग्रेजुएट्स का है, जिसके मतदाता पंजाब यूनिवर्सिटी तथा उसके एफिलिएटिड कॉलेज से पास होने वाले सभी ग्रेजुएट होते हैं, जिन्हें इसमें मतदान करने की योग्यता प्राप्त है। यानी इन मतदाताओं की संख्या लाखों में होती है7 इनके लिए सीनेट में 15 सीटें निर्धारित हैं। परिणामस्वरूप यह दल संख्या के हिसाब से सीनेट में एक महत्वपूर्ण रोल अदा करता है। ग्रेजुएट्स को प्रतिनिधित्व देने का नियम अंततः 100 साल पुराना है तथा उस समय का है जब पंजाब यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट्स की संख्या गिनीचुनी होती थी। अद्भुत नियमों के कारण कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसका अध्ययन, अध्यापन तथा शोध से कोई वास्ता ना हो, वह भी फैकल्टी डीन बनकर शोध तथा अध्यापन के गंभीर मामलों पर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकता है। रजिस्टर्ड ग्रेजुएट के मतदान का संभाग सबसे बड़ा है तथा इसके लाखों मतदाताओं के लिए देश भर में कई मतदान बूथ तैयार किए जाते हैं परंतु सभी रजिस्टर्ड ग्रेजुएट्स को पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट के मतदान में रुचि ना होने के कारण मतदान का प्रतिशत बहुत ही कम रहता है-लगभग 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत। इतनी कम उपस्थिति की वजह से इन चुनावों में मतदान, संख्याओं के खेल की तरह आसानी से खेला जा सकता है। सीनेट के 91 सदस्यों की भारी-भरकम संख्या की वजह से निर्णय लेने की प्रक्रिया अत्यंत उलझनभरी तथा समय सापेक्ष होती है। शोधपत्रों के अनुसार उच्च शिक्षा प्रशासन में निर्णय लेने वाली संस्थाओं में सदस्य संख्या अधिक होने पर निर्णय की गुणवत्ता से समझौता हो सकता है। भीड़ की मानसिकता, छोटे-छोटे गुटों में बंटना तथा हितों के लिए आपस में मनमुटाव इन बड़ी संस्थाओं के सुविचार में बाधा डालते हैं। आज के समय में जब चारों तरफ पारदर्शिता तथा सुधारों का माहौल है वहां पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट की यह उदासीनता काफी अद्भुत मालूम पड़ती है। यह भी देखना आवश्यक है कि संस्थाएं लोक हित में सुचारु रूप से कार्य कर सकें, ना कि असंगत नियमों का बोझा उठाए उत्कृष्टता को प्राप्त ना कर पाएं।






## कोरोना काल में पेटीएम में नौकरी का सुनहरा मौका, 1,000 लोगों को मिलेगा रोजगार

**नई दिल्ली।** प्रमुख वित्त प्रौद्योगिकी कंपनी पेटीएम ने बुधवार को कहा कि वह 1,000 से अधिक लोगों को नौकरी देने की प्रक्रिया में है। ये नयी भर्तियां विभिन्न श्रेणियों में कारोबार विस्तार देने के लिए की जा रही हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि अगले कुछ महीनों में कंपनी विभिन्न पदों पर ये नियुक्तियां करेगी। इसमें इंजीनियर, आंकड़ा विज्ञान, वित्तीय विश्लेषकों के साथ-साथ अन्य प्रौद्योगिकी और गैर-प्रौद्योगिकी नौकरियां शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि वह अपनी वित्त और संपत्ति प्रबंधन सेवाओं का तेजी से विस्तार कर रही है और इसलिए उसने कंपनी में नियुक्तियों की रफ्तार बढ़ायी है। पेटीएम और उसकी समूह कंपनियां ऋण, बीमा, संपत्ति प्रबंधन और ऑफलाइन भुगतान जैसे क्षेत्रों में अपना परिचालन बढ़ा रही हैं। इसलिए कंपनियों को अधिक संख्या में प्रौद्योगिकी और गैर-प्रौद्योगिकी कर्मचारियों की जरूरत है । इसके अलावा कंपनी अपने दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और बेंगलुरू के परिचालन में भी लोगों की भर्ती करेगी। साथ ही वरिष्ठ स्तर पर वह 50 से अधिक लोगों को उपाध्यक्ष या उससे ऊपर के पदों पर नियुक्त करने की प्रक्रिया में है। अप्रैल में कंपनी ने 500 नयी भर्तिंया करने की घोषणा की थी। कंपनी ने कहा कि पिछले चार महीने में वह करीब 700 लोगों की भर्ती कर चुकी है।

## निर्यात बढ़ाने के लिए राज्यों के साथ लगातार मिलकर काम कर रहा है वाणिज्य विभाग: वधावन

**नई दिल्ली।** वाणिज्य सचिव अनूप वधावन ने बुधवार को कहा कि वाणिज्य विभाग निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर लगातार काम कर रहा है। उन्होंने राज्य सरकारों से अनुरोध किया कि वे देश के निर्यात को बढ़ाने के लिए अपना पूरा योगदान करें। वधावन ने निर्यात तत्परता सूचकांक 2020 के पहले संस्करण के विमोचन के मौके पर कहा, 'हम राज्यों को निर्यात नीतियां बनाने, वरिष्ठ स्तर पर निर्यात के कामकाज का आवंटन करने, एक समर्पित विभाग और समर्पित अधिकारी के लिए राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए, उनके साथ सक्रिय रूप से मिलकर काम कर रहे हैं।' नीति आयोग द्वारा जारी 'निर्यात तत्परता सूचकांक 2020' में गुजरात शीर्ष पर है, जबकि महाराष्ट्र का दूसरा और तमिलनाडु का तीसरा स्थान है।

## कमजोर वैश्विक रुख को देखते हुए सोना, चांदी कीमतों में गिरावट

**नयी दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख और रुपये के मूल्य में सुधार के बाद स्थानीय सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 210 रुपये की गिरावट के साथ 51,963 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 52,173 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 1,077 रुपये की गिरावट के साथ 65,178 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 66,255 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''दिल्ली में 24 कैरेट सोना हाजिर में गिरावट जारी रही तथा रुपये के मजबूती और वैश्विक बिकवाली के कारण इसमें 210 रुपये की गिरावट आई।'' मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष (जिंस अनुसंधान) नवनीत दमानी ने कहा कि 'कोविड19 की वैक्सीन की संभावनाओं से जुड़ी आशा और अमेरिका-चीन के अधिकारियों के बीच से उत्पन्न सकारात्मक संकेतों से अर्थव्यवस्था के बारे में उत्साह जगा है, यही कारण है कि सोने में लगातार गिरावट दिख रही है। घरेलू शेयर बाजार की तेजी और विदेशी निधि के सतत निवेश के कारण बुधवार को रुपया तीन पैसे की मजबूत के साथ 74.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव गिरावट के साथ 1,918 डॉलर प्रति औंस बोला पटेल ने भी कहा कि कोविड-19 का टीका को लेकर उम्मीद बढ़ने और अमेरिकी-चीन व्यापार तनाव कम होने से बुधवार को सोने में गिरावट जारी रही।

## सस्ते हो सकते हैं टू व्हीलर्स, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिए संकेत



**बिजनेस डेस्क।**

केंद्र सरकार टू व्हीलर्स पर जीएसटी दर को कम करने पर विचार कर रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) काउंसिल टू-व्हीलर वाहनों पर टैक्स की दरों पर ध्यान देगी। उन्होंने कहा कि ऑटो इंडस्ट्री की जीएसटी रेट को कम करने की मांग पर ध्यान दिया जाएगा। यह बात भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साथ हुई बैठक में सीतारमण ने कही। जीएसटी घटाने के सुझाव पर वित्त मंत्री ने कहा कि ये वास्तव में एक अच्छा सुझाव है, इसे त्रस्त्र काउंसिल की बैठक में उठाया जाएगा, क्योंकि टू-व्हीलर न तो लग्जरी आइटम है और न ही नुकसानदेह आइटम। इस वक्त टू-व्हीलर पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है। सीआईआई की तरफ से कहा गया कि वित्त मंत्री ने भरोसा दिया कि इंडस्ट्री की ओर से दिया गया ये एक बेहतर सुझाव है, इसलिए टू-व्हीलर की दरों में बदलने के बारे में सोचा जाएगा। सीआईआई की तरफ से कहा गया कि वित्त मंत्री ने भरोसा दिया कि इंडस्ट्री की ओर से दिया गया ये एक बेहतर सुझाव है, इसलिए टू-व्हीलर की दरों में बदलने के बारे में सोचा जाएगा। बता दें कि कोरोना वायरस महामारी और लॉकडाउन की वजह से ऑटो इंडस्ट्री की रफ्तार थम सी गई थी। वहीं, अब ऑटो कंपनियां फेस्टिव सीजन का पूरा फायदा उठाना चाहेंगी। फेस्टिव सीजन आने वाला है। के बयान के बाद ये माना जा रहा है कि त्योहारों से पहले टू-व्हीलर्स सस्ते हो सकते हैं। वाहन सस्ते होने के बाद इनकी मांग में तेजी आएगी। ऐसे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान के बाद ये माना जा रहा है कि त्योहारों से पहले टू-व्हीलर्स सस्ते हो सकते हैं। वाहन सस्ते होने के बाद इनकी मांग में तेजी आएगी।

## इंडियन ऑयल के पूर्व चेयरमैन संजीव सिंह बने रिलायंस के समूह अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** सरकारी ईंधन विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के पूर्व चेयरमैन संजीव सिंह अरबपति मुकेश अंबानी के तृत्व वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 'तेल से रसायन कारोबार' का समूह अध्यक्ष बनाये गये हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक हीतल आर मेसवानी ने कंपनी के कर्मचारियों को दी गयी एक सूचना में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंडियन ऑयल से इस साल 30 जून से सेवानिवृत्त हुए सिंह रिलायंस इंडस्ट्रीज के कारोबार का नेतृत्व करने वाली टीम का हिस्सा होंगे। कंपनी के तेल से रसायन कारोबार में गुजरात के जामनगर स्थित दो परिशोधन संयंत्र, पेट्रो रसायन संयंत्र, खुदरा ईंधन व विमानन ईंधन व्यवसाय का 51 प्रतिशत और थोक विपणन व्यवसाय शामिल है। इसमें तेल एवं गैस खोज व्यवसाय शामिल नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज तेल से रसायन (ओ2सी) कारोबार के लिये अलग कंपनी रिलायंस ओ2सी लिमिटेड स्थापित कर रही है। इसकी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी 15 अरब डॉलर में सउदी अरामको को बेचने की योजना है। कंपनी ने इससे पहले इसी साल इंडियन ऑयल के एक अन्य पूर्व चेयरमैन सार्थक बेहुरिया को वरिष्ठ सलाहकार बनाया था।

## संसद की एक समिति ने तंबाकू में विनियमित एफडीआई की सिफारिश की

**नयी दिल्ली।** संसद की एक समिति ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिये तंबाकू क्षेत्र में विनियमित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने की सिफारिश की है। इसके अलावा समिति ने निर्यात बढ़ाने के लिये ऐसे तंबाकू फार्म को बढ़ावा देने की भी बात की है, जहां की उपज का सिर्फ निर्यात हो। वाणिज्य एवं उद्योग को लेकर संसदीय समिति ने चीन को तंबाकू पत्तियों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये भारतीय-चीनी फाइटोसैनिट्री (पौधे से संबंधित) प्रोटोकॉल के नवीकरण का स्वागत करते हुए कहा कि निर्यात को जल्द से जल्द फिर से शुरू करने के लिये चीन की सरकार के साथ परामर्श सहित सभी प्रयास किये जाने चाहिये। समिति ने कहा कि भारत में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गुणवत्ता वाला तम्बाकू प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उपलब्ध है और चीन को भारतीय तंबाकू के निर्यात की अच्छी संभावना है। चीन के साथ फाइटोसैनेटिक प्रोटोकॉल के नवीकरण से चीन को भारतीय तंबाकू निर्यात के पुनरुद्धार का मार्ग प्रशस्त होगा और भारतीय किसानों के लिये आर्थिक रूप से लाभकारी साबित होगा। वाईएसआर कांग्रेस के नेता विजयसाई रेड्डी की अध्यक्षता वाली समिति ने बुधवार को राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया रिपोर्ट को संसद के आगामी सत्र में पेश किये जाने की संभावना है।

## दोगुना से अधिक बढ़ी बैंकों की धोखाधड़ी, 2019-20 में हुई 1.85 लाख करोड़ रुपए की हेराफेरी

**नई दिल्ली।**

बैंकिंग क्षेत्र में 1 लाख रुपए और उससे अधिक की राशि वाले धोखाधड़ी के मामलों में 2018-19 के मुकाबले 2019-20 की अवधि में दोगुने से अधिक का इजाफा हुआ है। 2019-20 में धोखधड़ी की रकम 1.85 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई जो 2018-19 में 71,543 करोड़ रुपए थी। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो 2019-20 में धोखाधड़ी के कुल मामले 28 फीसदी बढ़कर 8,707 हो गए जो 2018-19 में 6,799 थे। ये जानकारी 2019-20 के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की वार्षिक रिपोर्ट में दी गई है। एक ओर जहां धोखाधड़ी के मामलों और इसमें शामिल रकम बहुत अधिक है, वहीं रिजर्व बैंक ने कहा है कि इन मामलों के घटने की तारीख पिछले कई वर्ष के हैं। रिजर्व बैंक ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा, ऋण पोर्टफोलियो (अग्रिम श्रेणी) में संख्या और रकम दोनों ही स्तर पर पहले से ही धोखाधड़ी के मामले हो रहे थे। रिजर्व बैंक ने कहा कि यह मोटी रकम वाले धोखाधडियों का संग्रह है। ऋण संबंधी शीर्ष 50 धोखाधड़ी के मामलों की रकम 2019-20 में दर्ज किए गए कुल मामलों की रकम का 76 फीसदी है। एक ओर जहां 2019-20 में मूल्य और संख्या दोनों स्तर पर ही धोखाधड़ी के मामले बढ़ हैं, वहीं आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-जून 2020 की अवधि में धोखाधड़ी के कुल 1,558 मामले दर्ज हुए जिसकी कुल राशि 28,843 करोड़ थी। यह 2019 की समान अवधि में दर्ज किए गए 2,024 मामलों जिसकी रकम 42,228 करोड़ रुपए है, से कम है। धोखाधड़ी में शामिल कुल रकम में अग्रिमों की हिस्सेदारी 98 फीसदी है। 2019-20 में दर्ज किए धोखाधड़ी की कुल रकम में जहां सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी 80 फीसदी है वहीं निजी बैंकों का हिस्सा 18.4 फीसदी है। केंद्रीय बैंक के नियमों के मुताबिक यदि बैंकों की ओर से किसी खाता को फर्जी के तौर पर चिह्नित किया गया है तो उन्हें इसके खिलाफ 100 फीसदी प्रावधान करना होता है, फिर से एक बार में या चार तिमाहियों में किया जाए। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि धोखाधड़ी होने की तारीख और बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं की ओर से उसकी पहचान करने के बीच का औसत अंतर 2019-20 में 24 महीने था। लेकिन मोटी रकम वाले मामलों की पहचान करने में औसत से भी अधिक समय लगा। रिजर्व बैंक ने कहा, हालांकि, 100 करोड़ रुपए और उससे ऊपर की धोखाधड़ी जैसे मामलों में औसत अंतर 63 महीनों का रहा। इसमें कहा गया है कि इनमें से ज्यादातर खातों में ऋण सुविधा की मंजूरी की तारीख बहुत पुरानी है। रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंकों की ओर से शीघ्र चेतावनी संकेतों (ईडब्ल्यूएस लेखा परीक्षा के दौरान कर्जदारों की ओर से असहयोग, अधूरी लेखा रिपोर्ट और संयुक्त ऋणदाता बैठक में निर्णय लेने में कमी आदि के कारण इन गड़बड़ियों का पता लगाने में देरी हुई।

## डीजीटीआर ने चीन, मलेशिया, वियतनाम से आयातित रसायनों पर डंपिंगरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की



**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर ने सस्ते आयात से घरेलू कंपनियों को बचाने के लिये चीन, मलेशिया और वियतनाम से आने वाले रसायन कोलीन क्लोराइड पर पांच साल के लिये डंपिंगरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने इन देशों के द्वारा कोलीन क्लोराइड की डंपिंग किये जाने की शिकायत की जांच करने के बाद 94 डॉलर से 315 डॉलर प्रति टन शुल्क लगाने की सिफारिश की है। घरेलू विनिर्माताओं से शिकायत मिलने के बाद डीजीटीआर ने यह जांच की है। इन तीन देशों से डंपिंग को लेकर जुबिलैंट लाइफ साइंसेज ने शिकायत की थी। इस रसायन का इस्तेमाल जानवरों के भोजन तैयार करने में तथा तेल एवं गैस क्षेत्र में किया जाता है। शुल्क लगाने के बारे में वित्त मंत्रालय अंतिम निर्णय लेगा। डीजीटीआर की एक अधिसूचना के अनुसार, प्राधिकरण डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करता है ... ताकि घरेलू उद्योग को हो रहे नुकसान को दूर किया जा सके।

## जीएसटी भुगतान में देरी: एक सितंबर से लगेगा कुल कर देनदारी पर ब्याज




**नई दिल्ली।**

सरकार ने कहा है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के भुगतान में देरी की स्थिति में एक सितंबर से शुद्ध कर देनदारी पर ब्याज लेगा। इस साल की शुरुआत में उद्योग ने जीएसटी भुगतान में देरी पर लगभग 46,000 करोड़ रुपये के बकाया ब्याज की वसूली के निर्देश पर चिंता जताई थी। ब्याज कुल देनदारी पर लगाया गया था।

**जीएसटी भुगतान में देरी पर ब्याज**

केंद्र और राज्य के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद ने मार्च में अपनी 39वीं बैठक में निर्णय लिया था कि एक जुलाई, 2017 से शुद्ध कर देनदारी पर जीएसटी भुगतान में देरी के लिए ब्याज लिया जाएगा और इसके लिए कानून को संशोधित किया जाएगा। हालांकि, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 25 अगस्त को अधिसूचित किया कि एक सितंबर 2020 से कुल कर देनदारी पर ब्याज लिया जाएगा। एक बयान में सीबीआईसी ने बाद में स्पष्ट किया कि जीएसटी के देर से भुगतान पर ब्याज के संबंध में जारी अधिसूचना कुछ तकनीकी सीमाओं के कारण भावी प्रभाव के रूप में जारी की गई थी। बयान में कहा गया, 'हालांकि, जीएसटी परिषद की 39वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार यह भरोसा दिया जाता है कि केंद्र और राज्य कर प्रशासन द्वारा बीती अवधि के लिए कोई वसूली नहीं की जाएगी। इससे जीएसटी परिषद के फैसले के अनुरूप करदाताओं को पूरी राहत सुनिश्चित होगी।'

**18 प्रतिशत की दर से ब्याज**

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के सीनियर पार्टनर रजत मोहन ने कहा कि इस लाभ की भावी उपलब्धता का अर्थ है कि करोड़ों करदाताओं से जीएसटी को लागू किए जाने से तीन साल से अधिक अवधि के लिए ब्याज की मांग की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि ऐसे में अन्यायपुर्ण और गैरकानूनी ब्याज की मांग के आधार पर कारोबारी एक बार फिर अदालत का रुख कर सकते हैं। इनपुट टैक्स क्रेडिट को सकल जीएसटी देनदारी से घटाने पर शुद्ध जीएसटी देनदारी का पता चलता है। ऐसे में सकल जीएसटी देनदारी पर ब्याज की गणना से कारोबारियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। जीएसटी भुगतान में देरी होने पर सरकार 18 प्रतिशत की दर से ब्याज लेती है।

## पेंशनभोगी 'डिजिलॉकर' में सुरक्षित रख सकते हैं पेंशन भुगतान आदेश: सरकार

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक पेंशनभोगी अब अपने पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) को 'डिजिलॉकर' में सुरक्षित रख सकते हैं। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह बात कही गई। बयान के मुताबिक पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने यह पाया कि कई पेंशनभोगियों ने समय के साथ अपने पीपीओ की मूल प्रति को कहीं खो दिया, जो एक बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसके चलते यह फैसला किया गया है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीपीओ की अनुपस्थिति में इन पेंशनभोगियों को अपने सेवानिवृत्त जीवन के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा हाल में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों के लिए कोविड-19 महामारी के मद्देनजर पीपीओ की कागजी प्रति पाने में समस्या थी। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर पीपीओ की कागजी प्रति पाने में समस्या थी। बयान के मुताबिक ऐसे में विभाग ने केंद्र सरकार की नागरिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के जीवन को आसान बनाने के लिए सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के जरिए तैयार किए गए इलेक्ट्रॉनिक पेंशन भुगतान आदेश (ई-पीपीओ) को डिजीलॉकर के साथ एकीकृत करने का फैसला किया गया है।

## अगर करते हैं डिजिटल पेमेंट तो हो जाएं सावधान, बैंक ऐसे काट रहे हैं आपकी जेब



**मुंबई।**

कोरोना संक्रमण से बचने के लिए लोग डिजीटल पेमेंट का इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर आप महीने में 20 से ज्यादा बार यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए भुगतान करते हैं तो आपको चार्ज देना पड़ेगा। इसकी शुरुआत लगभग सभी प्राइवेट बैंकों ने कर दी है और 2.5 से 5 रुपए तक चार्ज वसूल रहे हैं। हालांकि सरकार ने साफ कहा है कि यूपीआई के जरिए पेमेंट निःशुल्क होगा लेकिन बैंकरों का तर्क है कि सिस्टम पर फालतू लेनदेन के लोड से बचने के लिए यह चार्ज वसूलने की व्यवस्था की गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, बैंक अपने हिसाब से नियम की व्याख्या कर रहे हैं जबकि पेमेंट फ्री है और ट्रांसफर पर चार्ज लगाया जा सकता है। रिपोर्ट में इसकी विसंगतियों को उजागर करते हुए कहा गया है कि सरकार और आरबीआई को बैंकों को कंपनसेट करने की व्यवस्था को खत्म किया जाना चाहिए। निजी बैंकों ने ऐसे समय पर यूपीआई पर चार्ज लगाना शुरू किया है जबकि इसका इस्तेमाल 8 फीसदी की मासिक दर से बढ़ रहा है। अप्रैल में इसके जरिए 80 करोड़ लेनदेन हुए थे जबकि अगस्त में इसके 160 करोड़ पहुंचने का अनुमान है। इसकी संख्या में तेजी की वजह गूगल पे, फोनपे और द्वारा दिया जा रहा प्रोत्साहन है। पेटीएम जैसी फिनटेक कंपनियों द्वारा दिया जा रहा प्रोत्साहन है। ये कंपनियों यूजर्स को कई तरह के रिवॉर्ड और अन्य बेनिफिट्स दे रही हैं। बैंकों का कहना है कि कई अकाउंटहोल्डर्स पैसा भेजकर फिर वापस मंगा रहे हैं और इस तरह सिस्टम पर लोड बढ़ रहा है।

## मजदूर संघों का पेट्रोलियम मंत्री से बीपीसीएल के निजीकरण के फैसले पर पुनर्विचार का आग्रह

**नयी दिल्ली।**

मजदूर संघों ने बुधवार को एक बार फिर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के प्रस्तावित निजीकरण के फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। प्रधान को भेजे गये एक संयुक्त पत्र में श्रमिक संगठनों ने कहा है, ''केन्द्रीय श्रमिक संघों और महासंघों का संयुक्त मंच आपसे आग्रह करता है कि बीपीसीएल के निजीकरण के फैसले पर एक बार फिर से गंभीरता से विचार किया जाये और देश हित में इस उपक्रम का निजीकरण नहीं किया जाये।'' पत्र में कहा गया है कि श्रमिक संगठनों और बीपीसीएल कर्मचारी संघों के विरोध के बावजूद सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण को आगे बढ़ा रही है। के कानून के जरिये बहुराष्ट्रीय पेट्रोलियम कंपनियों का राष्ट्रीयकरण करके बनाया गया था। इसमें कहा गया है कि बीपीसीएल संसद के कानून के जरिये बहुराष्ट्रीय पेट्रोलियम कंपनियों का राष्ट्रीयकरण करके बनाया गया था। यह देश के पेट्रोलियम क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया था। मजदूर संगठनों ने कहा है कि राष्ट्रीयकरण के बाद बीपीसीएल की क्षमता बढ़ाने में भारी निवेश किया गया ताकि देश की जनता को पेट्रोल, डीजल, खाना पकाने की गैस और मिट्टीतेल की निर्बाध रूप से आपूर्ति की जा सके। पत्र में कहा गया है कि बीपीसीएल ने पीएम केयर्स फंड में 125 करोड़ रुपये और स्टेच्यू आफ यूनिटी में 25 करोड़ रुपये का योगदान किया है। इसमें कहा गया है कि कई तरह की अड़चनों के बावजूद बीपीसीएल लगातार बेहतर काम करती रही है और राष्ट्रीय खजाने में लाभांश, विशेष लाभांश और करों के जरिये योगदान करती रही है। सरकार ने पिछले साल नवंबर में बीपीसीएल में अपनी 52.98 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, टीयूसीसी, सेवा, एआईसीसीटीयू, एलपीएु और यूटीयूसी इन दस केन्द्रीय श्रमिक संगठनों ने संयुक्त मंच बनाकर सरकार को पत्र भेजा है।

देश में 12 केन्द्रीय स्तर के मजदूर संगठन हैं। दो अन्य संगठन आरएसएस से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ है और एक अन्य नेशनल फ्रंट आफ इंडियन ट्रेड यूनियंस है।

## चेहरा पहचान कर कार्यालयों में संपर्क रहित उपस्थिति दर्ज करने वाला उपकरण पेश

**नई दिल्ली।**

कोविड-19 संकट के बाद दफ्तरों और कारखानों में कर्मचारियों की बिना किसी उपकरण को छुए उपस्थिति दर्ज करने के लिए केंट आरओ ने बुधवार को 'कैम अटेंडेस' उपकरण पेश किया। यह उपकरण कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस-एआई) आधारित कूटभाषा का प्रयोग करता है जो कर्मचारियों का चेहरा पहचान कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करता है। एक वर्चुअल कार्यक्रम में केंट आरओ सिस्टम्स लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक महेश गुप्ता ने इसे पेश किया। उन्होंने कहा, 'इस उपकरण को लगाने के बाद कर्मचारियों को कार्य स्थल पर उपस्थित दर्ज कराने के लिए न तो हस्ताक्षर करने होंगे और न ही बायोमीट्रिक प्रणाली के तहत उंगली स्कैन करनी होगी।' उन्होंने कहा कि केंट कैम अटेंडेस एक अगली पीढ़ी की चेहरा पहचानने की प्रणाली है। यह एआई प्रौद्योगिकी पर आधारित है। यह उपकरण क्लाउड से जुड़ा रहता है जहां कर्मचारियों के पूरे रिकॉर्ड, उनका फोटो एवं डाटा रखा जाता है। इसे कंपनियों की मौजूदा मानव



संसाधन प्रबंधन प्रणाली के साथ जोड़ दिया जाता है। इस उत्पाद को भारत में विकसित किया गया है और इसका डेटा एवं सर्वर भी यहीं है। गुप्ता ने कहा कि एक ही कार्यस्थल पर कई 'कैम अटेंडेंस' उपकरणों को लगाया जा सकता है और क्लाउड की मदद से इनका केंद्रीय स्तर पर नियंत्रण भी संभव है। कंपनी ने इस उत्पाद के लिए फिल्म अभिनेता शाहरुख खान को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

## ट्राई ने वोडाफोन आइडिया को उसके तरजीही प्लान पर कारण बताओ नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली।**

भारतीय दूरसंचार नियामक प्रधिकरण (ट्राई) ने निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को उसके 'तरजीही प्लान' पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। ट्राई ने कहा कि पेशकश में पारदर्शिता का अभाव है, ये गुमराह करने वाली है और नियामक सिद्धान्तों के अनुरूप नहीं है। पीटीआई-भाषा ने यह नोटिस देखी है। इस नोटिस में नियामक ने वोडाफोन आइडिया से 31 अगस्त तक जवाब देने के लिए कहा है कि ''रेडएक्स टैरिफ प्लान के मौजूदा नियामक ढांचे का उल्लंघन करने के लिए उसके खिलाफ उचित कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए।'' एक सूत्र ने कहा कि भारती एयरटेल को कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया है। सूत्र ने कहा कि एयरटेल ने ट्राई के आदेश का पालन करने की बात कही है और स्वेच्छा से अपनी प्लैटिनम पेशकश को भी संशोधित किया। इसलिए ट्राई उस पर जांच को आगे नहीं बढ़ा रहा है। ट्राई ने वीआईएल को भेजे कारण बताओ नोटिस में कहा है कि अपेक्षाकृत अधिक डेटा स्पीड के साथ तरजीही 4जी नेटवर्क की पेशकश करना मौजूदा नियामक ढांचे के अनुरूप नहीं है। ट्राई ने कारण बताओ नोटिस में कहा है कि रेडएक्स टैरिफ पेशकश में पारदर्शिता की कमी है और ये भ्रामक है। सूत्र ने कहा कि वोडाफोन आइडिया कई मुद्दों पर ट्राई को संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया है। इनमें एक मुद्दा यह है कि कंपनी कैसे प्रीमियम प्लान लेने वाले ग्राहकों को प्राथमिकता वाली सेवा और स्पीड सुनिश्चित करेगी। दूसरा मुद्दा यह है कि कैसे प्रायरिटी प्लान गैर-प्रीमियम ग्राहकों की सेवाओं पर प्रतिकूल असर नहीं डालेगा। इससे पहले वोडाफोन आइडिया ने अपने जवाब में कहा था कि नया टैरिफ प्लान, नई सेवा नहीं है।

ट्राई वोडाफोन आइडिया के प्रायरिटी प्लान रेडएक्स तथा भारती एयरटेल के प्लैटिनम प्लान की जांच कर रहा है। नियामक यह पता लगा रहा है कि प्रायरिटी प्लान के जरिये कुछ ग्राहकों को नेटवर्क में प्राथमिकता देने से कही बिना प्रीमियम सेवा वाले ग्राहकों की सेवाएं तो प्रभावित नहीं हो रही हैं।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1




## ‘इंडिया ताइक्कांडो’ ने पहले ऑनलाइन टूर्नामेंट की घोषणा की



**मुंबई ।** इंडिया ताइक्कांडो ने घोषणा की कि वह 28 सितंबर से चार अक्टूबर तक देश की पहली ऑनलाइन राष्ट्रीय ताइक्कांडो पूमसे चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा। प्रत्येक एथलीट को अंतिम समय सीमा से पहले ‘डिफेंस एंव एटैक’ (रक्षात्मकता और आक्रामकता) की पूमसे की अपनी वीडियो बनाकर भेजनी होगी। इस टूर्नामेंट को विश्व ताइक्कांडो का समर्थन मिलेगा। विश्व ताइक्कांडो के अध्यक्ष डा चौये ने कहा- मुझे खुशी है कि इंडिया ताइक्कांडो ने भारत में ताइक्कांडो का नया दौर शुरू करने के लिये पहली शुरूआत की। खिलाड़ियों को सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करना होगा और उन्हें किसी भी प्रतिभागी या आयोजन के किसी भी तरह संपर्क में नहीं आना होगा। इंडिया ताइक्कांडो के अध्यक्ष नामदेव शिरगावंकर ने कहा- टूर्नामेंट खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने वाला साबित होगा क्योंकि वे लंबे समय से प्रतिस्पर्धा का इंतजार कर रहे हैं।

क्रिकेट

# ग्लेन मैक्सवेल की हुंकार, वास्तविक ऑलराउंडर बनना है कोशिश, गेंदबाजी में कर रहा हूं सुधार



**नई दिल्ली ।**

ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि वह टीम के लिए एक वास्तविक ऑलराउंडर बनने की कोशिश कर रहे हैं और इसे हासिल करने की कोशिश में उन्होंने पिछले कुछ सप्ताह में अपनी गेंदबाजी पर काफी काम किया है। 4 सितंबर से इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी-20 आई और तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज से पहले उनकी यह टिप्पणी सामने आई है। टी-20 का पहला मैच एगस बाउल में खेला जाएगा जबकि एकदिवसीय मैच अमीरात ओल्ड ट्रैफर्ड में होगा। ये सभी मैच बंद दरवाजों के पीछे खेले जाएंगे। मैक्सवेल ने कहा- मैंने अपनी गेंदबाजी पर बहुत काम किया है, मैं वास्तविक ऑलराउंडर बनने की कोशिश कर रहा हूं, जहां मैं छह, सात, आठ ओवर गेंदबाजी कर सकता हूं। साल 2015 में मैं एकमात्र स्पिनर था। तब मुझे बहुत भरोसा होता था। मैं उसी गेंदबाजी लय को पाने के लिए लगातार गेंदबाजी कर रहा हूं। टीम के लिए जहां भी हो मदद करने की कोशिश करूंगा। मैक्सवेल ने आखिरी वनडे 2019 विश्व कप के दौरान खेला था। यह विश्व कप सेमीफाइनल मैच था जोकि इंगलैंड के खिलाफ खेला गया था। इसके बाद उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए खेल से ब्रेक लेने का फैसला किया था। मैक्सवेल ने कहा- मैंने निश्चित रूप से हाल में ज्यादा वनडे मैच नहीं खेले हैं। मुझे विश्वास है कि मैं भूमिका जो मुझे दी जा रही है उसमें प्रदर्शन कर रहा हूं। मैक्सवेल ने कहा कि मैं वास्तव में आरोन फिंच और कोचिंग स्टाफ के साथ काम कर रहा हूं और हर बार अपनी भूमिका निभा रहा हूं। ऑस्ट्रेलिया की टीम = एरोन फिंच (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, एलेक्स केरी, पैट कमिंस (उपकप्तान), जोश हेजलवुड, मारनस लाबुस्चगने, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, रिले मेरेडिथ, जोश फिलिप, डैनियल सैम्स, केन रिचर्डसन , स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एंड्रयू टाय, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जंपा। बता दें कि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी-20 इंटरनेशनल 4 सितंबर को साउथेम्प्टन के एजेस बाउल में खेला जाएगा।

# स्टेडियम में बैडमिंटन खिलाड़ी को सीने में उठा तेज दर्द, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

**झांसी ।**



उत्तर प्रदेश में झांसी स्थित ध्यानचंद स्टेडियम में बुधवार को बैडमिंटन कोर्ट पर खेलने आए शौकिया खिलाड़ी दिनेश कनौजिया की दिल का दौरा पड़ने के बाद मौत हो गई। प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी सुरेश बोनकर ने बताया कि दिनेश कनौजिया (42) शौकिया खिलाड़ी के तौर पर स्टेडियम में बैडमिंटन खेलने आते थे। उन्होंने स्टेडियम की एक साल की सदस्यता ली हुई थी। सुबह जब वह खेलने के लिए आए तो शुरू करने से पहले उन्हें सीने में अचानक तेज दर्द हुआ और वह जमीन पर ही बैठ गए। इसके बाद वह अचेत होकर जमीन पर लुढ़क गए। वहां मौजूद साथियों और स्टेडियम के लोगों ने उनको देखा और तुरंत ही एंबुलेंस को बुलाया गया। इसी बीच उनकी पत्नी भी स्टेडियम आ गई। कनौजिया को एबुंलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा है और उनकी मौत हो चुकी है। इसके बाद परिजनों के अनुरोध पर उन्हें 2 निजी अस्पताल और मेडिकल में भी ले जाया गया और सभी जगह उन्हें मृत बताया गया। बोनकर के अनुसार कनौजिया की पत्नी ने बताया कि उनकी कल से हालत ठीक नहीं थी, इसी कारण उन्होंने कनौजिया को स्टेडियम जाने से मना किया था। कनौजिया का यहां सीपरी बाजार में जनरल स्टोर है और आवास विकास के पास ही उनका निवास है।

## मैंने मां को बताया- मुझे खेल रत्न मिलेगा, वह भावुक हो गई, रोने लगी : रानी रामपाल

**नई दिल्ली ।** अभावों में पली बढ़ी होने के बावजूद हॉकी के अपने जुनून से देश के सर्वोच्च खेल सम्मान तक पहुंची रानी रामपाल का मानना है कि यह पुरस्कार सिर्फ उनके लिए नहीं बल्कि खुद को साबित करने का सपना देखने वाली गरीब घर की हर लड़की के लिए मील का पत्थर साबित होगा। हरियाणा के शाहबाद जिले से ताल्लुक रखने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी इस साल राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने गए पांच खिलाडियों में से है। रानी के पिता रेहड़ी चलाते थे लेकिन उसने छह बरस की उम्र में हॉकी स्टिक थाम ली और 2009 में सिर्फ 14 साल की उम्र में भारतीय महिला टीम में चुनी गई। इसी साल ‘वर्ल्ड एथलीट आफ द ईयर’ पुरस्कार जीतने वाली रानी अब तक 226 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 112 गोल कर चुकी हैं। रानी ने कहा- मैंने कभी सोचा नहीं था कि खेल रत्न मिलेगा लेकिन शुरू से लक्ष्य था कि मेहनत करनी है और पदक जीतेंगे तो पुरस्कार मिलेंगे ही। मुझे खुशी है कि मेरे प्रयासों को पहचान मिली। यह मेरे लिए ही नहीं, महिला हॉकी और सामान्य परिवार से बड़े सपने लेकर निकली हर लड़की के लिए महत्वपूर्ण है। अपने अब तक के सफर के बारे में उन्होंने कहा- हरियाणा से और एक गरीब परिवार से निकलकर यहां तक पहुंचना एक सपने सरीखा रहा। मेरे माता-पिता भी पढ़े लिखे नहीं थे और उन्हें खेलों में कैरियर बनाने के लिए तैयार करना काफी चुनौतीपूर्ण था। उन्हें भी लोगों से काफी बातें सुननी पड़ी। वर्ष 2016 में अर्जुन पुरस्कार जीतने वाली रानी ने कहा- अब उन सभी लोगों को मुझ पर गर्व है और वे मेरे माता पिता को यह बात बोलते हैं। मैं उनकी शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे चुनौती दी।

# वनडे रैंकिंग में एंडरसन की लंबी छलांग, शीर्ष 2 स्थान पर कोहली और रोहित का कब्जा

**दुबई ।**

भारतीय कप्तान विराट कोहली और सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 2 स्थानों पर कब्जा बरकरार रखा है और बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं। टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ शीर्ष पर चल रहे हैं जबकि उनके बाद कोहली और स्मिथ के हमवतन मार्नर लाबुशेन का नंबर आता है। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में पाकिस्तान के बाबर आजम के बाद दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच तीसरे स्थान पर हैं। एकदिवसीय गेंदबाजों की सूची में भारत के जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर हैं जबकि टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस पहले स्थान पर हैं। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान टी20 गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। टीम रैंकिंग में भारत एकदिवसीय प्रारूप में दूसरे जबकि टेस्ट और टी20 प्रारूप दोनों में तीसरे स्थान पर है। पाकिस्तान के खिलाफ साउथम्पटन में ड्रॉ हुए तीसरे और अंतिम टेस्ट में 267 रन की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के जैक क्राउली और मैच में सात विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने टेस्ट रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। क्राउली 53 स्थान की छलांग के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ 28वें पायदान पर पहुंच गए हैं। क्राउली ने श्रृंखला की शुरुआत 95वें स्थान से की थी लेकिन श्रृंखला में 320 रन की बदौलत वह सिर्फ आठ टेस्ट के बाद बेन स्टोक्स, जो रूट और जोस बटलर के बाद इंग्लैंड के चौथे शीर्ष बल्लेबाज बन गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के बाद शीर्ष 10 से बार होने के बाद एंडरसन एक बार फिर छह स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ड्रॉ टेस्ट के दौरान 29वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए और साथ ही दूसरे पारी में अजहर अली को आउट करके 600 टेस्ट विकेट चटकाने वाले पहले तेज गेंदबाज बने। तीसरे टेस्ट में 152 रन बनाने वाले बटलर भी करियर के सर्वश्रेष्ठ 637 रेटिंग अंक के साथ 21वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट नहीं खेलने वाले बेन स्टोक्स आलराउंडरों की सूची में दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर शीर्ष पर हैं।

पाकिस्तान के कप्तान अजहर पहली पारी में 141 रन बनाकर 11 स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान अर्धशतक की बदौलत तीन स्थान के फायदे से 72वें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के कामचलाऊ स्पिनर फवाद आलम और असद शाफिक गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 100 में शामिल हो गए हैं। ये दोनों क्रमशः 94वें और 100वें स्थान पर हैं।

# ‘डेथ ओवरों’ में गेंदबाजी सहित सभी विभागों पर ध्यान दिया: कैटिच, हेसन ने कहा

**नयी दिल्ली।**

अपने पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब की कोशिश में जुटी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के नये कोचिंग स्टाफ माइक हेसन और साइमन कैटिच मानते हैं कि सभी विभागों पर ध्यान दिया गया है जिसमें ‘डेथ ओवरों’ में गेंदबाजी भी शामिल है। दुबई में छह दिन के पृथकवास को खत्म करने के करीब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के क्रिकेट निदेशक हेसन और मुख्य कोच कैटिच ने वेबिनार में अपनी टीम की योजनाओं के बारे में बात की जो तीन बार आईपीएल फाइनल में पहुंची लेकिन फाइनल की बाधा को पार नहीं कर सकी। वेबिनार के दौरान दोनों को लगता है कि धीरे धीरे ट्रेनिंग को बढ़ाना ही आगे बढ़ने के लिये सर्वश्रेष्ठ तरीका होगा क्योंकि ज्यादातर खिलाड़ी छह महीने के ब्रेक के बाद वापसी कर रहे हैं, इससे वे आईपीएल जैसे लंबे टूर्नामेंट के लिये शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार होंगे जो संयुक्त अरब अमीरात की गर्मी में खेला जायेगा। कप्तान विराट कोहली की अगुआई वाली टीम हमेशा स्टार खिलाड़ियों से भरी रही है लेकिन अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं दिखा सकी। पहली बार टीम 2016 में फाइनल में पहुंची थी और तब से उसके लिये तीन फाइनल ऐसे रहे हैं जिसे टीम भुलाना चाहेगी। सीनियर खिलाड़ी युजवेंद्र चहल ने हाल में इंटरव्यू में कहा था कि टीम ने अपने 30 प्रतिशत मैच पिछले तीन सत्र में अपनी ‘डेथ ओवर’ की गेंदबाजी के कारण गंवाये। हालांकि हेसन का मानना है कि क्रिस मौरिस, इसुरू उडाना, केन रिचर्डसन और डेल स्टेन के साथ करार के बाद इस मुद्दे को निपटा लिया गया है। हेसन ने वर्चुअल मीडिया बातचीत में कहा, ‘‘हम अपनी ‘डेथ बॉलिंग’ के बारे में काफी स्पष्ट थे और सुनिश्चित करना चाहते थे कि इससे निपटा जाये। हम नीलामी में इसका हल निकालने के लिये गये थे।’’ उन्होंने कहा, ‘‘हमारे पास उडाना, मौरिस, रिचर्डसन, स्टेन हैं। नवदीप सैनी ने अच्छा काम किया है और हमारे स्पिनर भी बड़ी भूमिका अदा करेंगे। हमारे पास चहल हैं जो बेहतरीन गेंदबाज हैं और हमारे पास स्पिनरों (शाहबाज नदीम, पवन नेगी, मोइन अली) का शानदार मिश्रण है।’’ उन्होंने कहा, ‘‘हमें लगता है कि हम अपनी बल्लेबाजी पर भी ज्यादा निर्भर नहीं हैं और हमारे पास संतुलित इकाई है।’’ बल्लेबाजी में उनके लिये दिसंबर की नीलामी में खरीदे गये आस्ट्रेलिया के सीमित ओवर टीम के कप्तान आरोन फिंच हैं। कैटिच ने कहा कि फिंच की मौजूदगी से कोहली को मदद मिलेगी जिनके पास एबी डिविलियर्स और स्टेन जैसे खिलाड़ी भी मदद के लिये मौजूद हैं। उन्होंने कहा, ‘‘हम ऐसे खिलाड़ियों की तलाश में थे जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने खेल के शिखर पर हों। फिंच इस सूची में सबसे ऊपर थे। बतौर खिलाड़ी और कप्तान, उसने आस्ट्रेलिया के लिये शानदार प्रदर्शन किया है।

## वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन : सकारी की सेरेना पर सनसनीखेज जीत

**न्यूयार्क ।** यूनान की मारिया सकारी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए 23 बार की ग्रैंड स्लेम चैंपियन अमेरिका की सेरेना विलियम्स को मंगलवार को 5-7 7-6 (5) 6-1 से हराकर वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त 38 वर्षीय सेरेना ने पहले सेट में 5-2 की बढ़त बनाई लेकिन सकारी ने वापसी करते हुए स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया। सेरेना ने अगले दो गेम जीतकर पहला सेट 7-5 से जीत लिया। सेरेना दूसरे सेट में 1-3 से पिछड़ गयीं लेकिन उन्होंने फिर लगातार चार गेम जीते और वह सेट के लिए सर्विस कर रही थीं कि तभी सब कुछ उनके खिलाफ जाने लगा। विश्व की 21वें नंबर की खिलाड़ी सकारी ने दूसरे सेट को टाई ब्रेक में पहुंचाया और टाई ब्रेक 7-5 से जीतकर मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। सकारी ने निर्णायक सेट में बातों ही बातों में 5-0 की बढ़त बना ली और अपने आठवें मैच अंक पर शक्तिशाली फोरहैंड लगाते हुए सनसनीखेज जीत हासिल कर ली। सकारी का क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन की जोहाना कोंटा से मुकाबला होगा जिन्होंने वेरा ज्वोनारेवा को 6-4 6-2 से पराजित किया।

## आईपीएल 2020 : गुरुवार से तीन सप्ताह का ट्रेनिंग शिविर शुरू करेगा आरसीबी




**दुबई ।** विराट कोहली की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम छह दिन के अनिवार्य पृथकवास से गुजरने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए गुरुवार से तीन हफ्ते का ट्रेनिंग शिविर शुरू करेगी। खिलाड़ी जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में ट्रेनिंग करेंगे। आरसीबी के क्रिकेट संचालन निदेशक माइक हेसन ने कहा, ‘खिलाड़ियों ने पिछले कुछ महीने कई तरह के माहौल में बिताए हैं और फिटनेस तथा ट्रेनिंग के अलग अलग स्तर पर हैं। इसलिए सभी के लिए एक तरह की ट्रेनिंग सत्र के लिए तैयारी करने का सही तरीका नहीं होगा। उन्होंने कहा, ‘हमारे सहयोगी स्टाफ की टीम ऐसे तरीके से काम करती रहेगी जिसमें लचीलापन होगा और प्रत्येक खिलाड़ी की मदद कर पाएगा। हेसन ने कहा, ‘खिलाड़ियों को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से निखारने के लिए हमारे पास बेहद कुशल सहयोगी स्टाफ है जिससे कि तैयारी में प्रत्येक खिलाड़ी की मदद हो सके और वे अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिए तैयार रहें। कोहली की अगुआई में आरसीबी की टीम एक बार फिर अपने पहले आईपीएल खिताब के लिए चुनौती पेश करेगी। मुख्य कोच साइमन कैटिच ने कहा, ‘हमारी तैयारी इसके इर्द गिर्द घूमती है कि खिलाड़ियों को ट्रेनिंग के लिए कम से कम तीन हफ्ते का समय देना है जिसके कि उनका शरीर प्रतियोगिता के लिए तैयार हो जाए। कैटिच ने बताया कि उन्होंने शुरू में समूहों में ट्रेनिंग की योजना बनाई जिससे कि लंबे ब्रेक के बाद बल्लेबाजों को पर्याप्त समय मिले। एक साथ पूरी टीम के ट्रेनिंग नहीं करने से कोरोना वायरस संक्रमण का जोखिम कम करने में भी मदद मिलेगी। आरसीबी के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की क्रिकेट अकादमी में ट्रेनिंग करेंगे। एक साथ पूरी टीम के ट्रेनिंग नहीं करने से कोरोना वायरस संक्रमण का जोखिम कम करने में भी मदद मिलेगी। आरसीबी के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की क्रिकेट अकादमी में ट्रेनिंग

### संक्षिप्त समाचार



## जेम्स एंडरसन के 600 विकेट पूरे, इन 5 रिकॉर्ड्स में की एंट्री

**साउथम्पटन ।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट लेने में सफलता हासिल कर चुके हैं। वह दुनिया के ऐसे चौथे गेंदबाज है जिनके नाम सबसे ज्यादा विकेट दर्ज हैं। एंडरसन ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन दो विकेट लेते ही यह कीर्तिमान बनाया। 38 वर्षीय एंडरसन ने 156वां मैच में यह उपलब्धि पाई। एंडरसन से पहले यह उपलब्धि भारत के अनिल कुंबले (619), ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न (708) और श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800) को हासिल थी। एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में अपना पदार्पण मई 2003 में जिम्बाब्वे के खिलाफ लॉर्ड्स मैदान पर किया था और उसके 17 साल बाद उन्होंने 600 विकेट का शिखर छू लिया। एंडरसन ने इन 600 विकेट में 89 घरेलू टेस्टों में 384 विकेट, 61 विदेशी टेस्टों में 194 विकेट और तटस्थ स्थलों पर छह टेस्टों में 22 विकेट लिए। एंडरसन ने अपने करियर में सर्वाधिक 11 बार ऑस्ट्रेलिया के पीटर सिडल को आउट किया जबकि उन्होंने भारत के सचिन तेंदुलकर, ऑस्ट्रेलिया के माइकल क्लार्क और डेविड वार्नर तथा पाकिस्तान के अजहर अली को नौ-नौ बार आउट किया।

## कप्तान छेत्री सहित भारतीय फुटबॉलरों ने संदेश झिंगन की तारीफ की



**नयी दिल्ली ।** भारतीय टीम के कप्तान सुनील छेत्री सहित देश के कुछ शीर्ष फुटबॉलरों ने डिफेंडर संदेश झिंगन की प्रशंसा की जिन्हें अर्जुन पुरस्कार से नवाजा जायेगा। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करने वाले वह 27वें फुटबॉलर हैं। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2011 में अर्जुन और 2019 में पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त कर चुके स्ट्राइकर छेत्री ने झिंगन के चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह बेहतरीन आदर्श खिलाड़ी हैं। छेत्री ने झिंगन को संदेश में कहा- अर्जुन क्लब में स्वागत है। उन्होंने कहा- जब मैंने खबर सुनी, मैं उन्हें सबसे पहले बधाई देना चाहता था। इसलिये मैंने उन्हें फोन किया और हमने बात की। वह नयी पीढ़ी के भारतीय खिलाड़ियों के लिये बेहतरीन उदाहरण हैं - वह निडर हैं, महत्वकांक्षी हैं और हमेशा खुद में सुधार करना चाहते हैं मार्च 2015 में झिंगन ने गुवाहाटी में खेले गये फीफा विश्व कप 2018 क्वालीफायर प्लेआफ में नेपाल के खिलाफ भारतीय टीम के लिये पदार्पण किया था और उस समय पूर्व गोलकीपर सुब्रत पॉल टीम की कप्तानी संभाल रहे थे जिन्हें 2016 में अर्जुन पुरस्कार मिला था। उस समय पूर्व उस समय पूर्व गोलकीपर सुब्रत पॉल टीम की कप्तानी संभाल रहे थे जिन्हें 2016 में अर्जुन पुरस्कार मिला था।

# भारतीय शतरंज टीम के प्रदर्शन से बेहद खुश हूँ - विदित गुजराती



**नासिक ।**

भारतीय शतरंज टीम फीडे ऑनलाइन शतरंज ओलंपियाड में इतिहास रचने के मुहाने पर खड़ी है , टीम नें ग्रुप चरण में वर्तमान ओलंपियाड विजेता चीन जैसी टीम को हराकर सीधे क्वाटर फाइनल में जगह बनाई है । ऐसे में पहली बार भारतीय टीम के कप्तान बनाए गए 25 वर्षीय भारतीय ग्रांड मास्टर विदित गुजराती नें क्वाटर फाइनल मैच जो की अर्मेनिया और ग्रीस के विजेता से होने है ,के पहले पंजाब केसरी से बात की ! भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन पर एक कप्तान होने के नाते आप क्या कहेंगे ? मैं बहुत खुश हूँ अब तक जिस तरह टीम नें प्रदर्शन किया है ,पूरी टीम अच्छा खेली है ,तो रिजर्व खिलाड़ी है वो भी जब जब खेले है उन्होने खुद को साबित किया है , अपनी टीम के सभी सदस्यों के खेल को देखकर बहुत खुशी है आपकी टीम मे विश्वनाथन आनंद भी है तो निहाल ,प्रग्गा जैसे खिलाड़ी भी तो आप अब तक का अनुभव कैसा रहा है ? एक कप्तान की तरह मेरा अनुभव बहुत ही रोचक रहा है ,सभी खिलाड़ियों के बीच तालमेल बनाना ,मुझे काफी बाते सीखने को भी मिली है जैसे की कप्तानी एक बड़ी ज़िम्मेदारी है और आपको कभी कभी कठिन निर्णय भी लेने पड़ते है । अच्छी बात है की मैं टीम के सभी सदस्यों को अच्छे से जानता हूँ और वो बेहद सहयोगी है तो अब तक मुझे कोई भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा है और अच्छे ही अनुभव हुए है ,निहाल और प्रग्गानंधा बहुत ही मेहनती है । जब भी मुझे कोई मदद की जरूरत पड़ती है मैं विश्वनाथन आनंद से जरूर सलाह लेता हूँ ,हरीकृष्णा से भी सलाह लेता हूँ तो टीम मे आपस मे स्वस्थ्य बातचीत का माहौल है । क्वाटर फाइनल मे हमारा मैच ग्रीस और अर्मेनिया मे से जीतने वाली टीम से होना है और हमारी तैयारी जारी है हरीकृष्णा से भी सलाह लेता हूँ तो टीम मे आपस मे स्वस्थ्य बातचीत का माहौल है । क्वाटर फाइनल मे हमारा मैच ग्रीस और अर्मेनिया मे से जीतने वाली टीम से होना है और हमारी तैयारी जारी है , मैं टीम के साथ भी हम किस तरह से खेलेंगे इस पर बात कर रहा हूँ तो खुद के खेल पर भी काम कर रहा हूँ । मैं कह सकता हूँ की हमारी टीम काफी प्रेरित है और जितनी भी कोशिश हम कर सकते है हम कर रहे है । शतरंज को इस लॉकडाउन में जो बढ़ावा मिला है उसके बारे मे क्या कहेंगे ? लॉक डाउन में शतरंज को काफी लोकप्रियता मिली है ,और मुझे काफी खुशी है की सब लोग अच्छा काम कर रहे है । विदित के अलावा भारतीय टीम में विश्वनाथन आनंद ,पेंटाला हरिकृष्णा ,कोनेरु हम्पी ,हरिका द्रोणावल्ली ,भक्ति कुलकर्णी ,आर वैशाली ,निहाल सरीन ,प्रग्गानंधा ,दिव्या देशमुख और वन्तिका अग्रवाल शामिल है ।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



# दिशा पटानी के बोल्ड अंदाज की तस्वीरें सोशल मीडिया पर हो रहीं वायरल



**अभिनेत्री दिशा पटानी (Disha Patani) अच्छी तरह जानती हैं कि स्पॉटलाइट में कैसे बने रहना है. यही वजह है कि आए दिन वे सोशल मीडिया (Social Media) पर छा जाती हैं. एक बार फिर ऐसा ही हुआ है.**

अभिनेत्री दिशा पटानी (Disha Patani) अच्छी तरह जानती हैं कि स्पॉटलाइट में कैसे बने रहना है. यही वजह है कि आए दिन वे सोशल मीडिया (Social Media) पर छा जाती हैं. एक बार फिर ऐसा ही हुआ है. उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड तस्वीरें साझा की हैं जो जमकर वायरल हो रही हैं.

Instagram पर शेयर की गई इन फोटो में दिशा ने डेनिम जींस, जैकेट पहना हुआ है. जाहिर है ये ऐसा लुक है जो कभी फैशन से बाहर नहीं होता. एक अन्य पोस्ट में वह टॉप और शॉर्ट्स में नजर आ रही हैं. खास बात यह है कि इन तस्वीरों के लिए दिशा ने खुद ही अपना मेकअप किया था.

जाहिर है यह बी-टाउन ब्यूटी एक सोशल मीडिया क्वीन है और अपने इंस्टाग्राम के जरिए प्रशंसकों से लगातार जुड़े रहना जानती हैं. वह अक्सर अपनी तस्वीरें साझा करके अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को लुभाती रहती हैं.

काम को लेकर बात करें तो दिशा को आखिरी बार मलंग में देखा गया था. इसमें अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर और कुणाल खेमू भी थे.

दिशा अब अगली बार सुपर स्टार सलमान खान के साथ राधे योर मोस्ट वांटेड भाई में नजर आएंगी. माना जा रहा था कि सलमान के इस एक्शन-ड्रामा की रिलीज 2020 की ईद पर होती लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसमें देरी हो गई.

इसके अलावा दिशा के पास केटिना और एक विलेन 2 भी हैं.

# दिशा सालियान की सुसाइड के बाद भी किए जा रहे थे कॉल, यहां देखें कॉल डिटेल

**सुशांत की आत्महत्या से ठीक एक सप्ताह पहले यानी 8 जून को उनकी एक्स मैनेजर दिशा सालियान ने मुंबई के मलाड स्थित एक बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली थी.**



दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत (Sushant Singh Rajput) की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान (Disha Salian) की कॉल डिटेल सामने आई है, जिसमें कई बड़े खुलासे हुए हैं. बता दें, सुशांत की आत्महत्या से ठीक एक सप्ताह पहले यानी 8 जून को उनकी एक्स मैनेजर दिशा सालियान ने मुंबई के मलाड स्थित एक बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली थी. वहीं, दिशा के कॉल डिटेल में यह बात निकलकर सामने आई है कि उन्होंने 6 जून को सिर्फ 3 लोगों को फोन किया था, जबकि 7 तारीख की रात को 12 बजकर 2 मिनिट पर मिनट तक किसी से बात की, जिसके बाद रात 12 बजकर 57 मिनट पर 4 मिनट तक किसी से बात की थी.

**आत्महत्या के बाद दिशा के फोन से हुए कॉल**

वहीं, 7 जून को दिशा ने 36 फोन किए थे, जिसमें एक फोन रात 12 बजकर 10 मिनट पर अपनी दोस्त एकता को किया था. रात 12 बजकर 4 मिनट पर उसके फोन से फोन गया है, जिसके बाद लगातार उनके फोन से व्हाट्सऐप कॉल हुए. यहां तक कि उनके आत्महत्या करने के बाद भी लगातार फोन हुए हैं. इस हादसे की चश्मदीद के मुताबिक पुलिस हादसा होने कुछ ही मिनट में पहुंच गई थी, तो दिशा का फोन जब्त क्यों नहीं किया गया.

# पिता को याद कर भावुक हुई प्रियंका चोपड़ा, शेयर किया थ्रोबैक VIDEO



ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा (Priyanka Chopra) ने अपने पिता डॉ. अशोक चोपड़ा को उनके जन्मदिन पर याद किया. अगर प्रियंका के पिता इस दुनिया में होते तो ये उनका 70 वां जन्मदिन होता. पिता के जन्मदिन पर एक्ट्रेस ने उन्हें याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक पुराना वीडियो पोस्ट किया है. इस वीडियो में उनके पिता प्रियंका चोपड़ा की जगह पर फिल्मफेयर अवॉर्ड ले रहे हैं और साथ ही बेटी की खूब तारीफ करते नजर आ रहे हैं. प्रिंयका चोपड़ा उन्हें अपना चीयर लीडर मानती हैं.

प्रियंका चोपड़ा (Priyanka Chopra) ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, माय फॉरएवर चियरलीडर. आज आप 70 साल के हो गए. आपको याद करती हूं पापा. प्रियंका अपने पिता के काफी करीब रही हैं. वहीं, फिल्मफेयर अवॉर्ड लेने के बाद प्रियंका चोपड़ा के पापा कह रहे हैं, मैं यह प्रियंका के तरफ से अवॉर्ड ले रहा हूं. वह अवॉर्ड फंक्शन में आने के लिए थोड़ा लेट हो जाएंगी.प्रियंका चोपड़ा की आने वाली फिल्मों की बात करें तो जल्द ही वो अपने फैंस के लिए खास तोहफा लेकर आने वाली हैं. वह अपनी नई हॉरर फीचर फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम एविल आई है. प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की निर्माता हैं. अपनी नई फिल्म की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर दी थी.

# क्या Kangana Ranaut ने इरफान और सुशांत की इस फिल्म को ठुकरा दिया था

**कंगना रनौत (Kangana Ranaut) उन लोगों में से एक हैं, जो अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद से हर दूसरे दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं.**

एक्ट्रेस कंगना रनौत (Kangana Ranaut) उन लोगों में से एक हैं जो अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद से हर दूसरे दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं. कंगना अक्सर फिल्म माफिया के बारे में बात करती हैं कि कैसे बाहरी लोगों के साथ बुरा व्यवहार किया जाता है और कैसे लोगों के प्रोजेक्ट चुराए जाते हैं, जिनके पास इंडस्ट्री में कोई गॉडफादर नहीं है.

हमारी सहयोगी वेबसाइट DNA के अनुसार कंगना रनौत को सुशांत सिंह राजपूत (Sushant Singh Rajput) की एक फिल्म में काम करने का मौका मिला था. इस ऑफर को कंगना ने ठुकरा दिया था.



दरअसल, मामला साल 2016 का है, फिल्म मेकर होमी अदजानिया ने कंगना और सुशांत को एक रोमांटिक फिल्म ऑफर की थी. इस फिल्म में कंगना रनौत, सुशांत सिंह राजपूत के साथ इरफान खान भी थे. कंगना रनौत ने इसे करने से मना कर दिया था.

कंगना रनौत (Kangana Ranaut) ने 2016 में फिल्म को अस्वीकार कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि उनके पास डेट नहीं हैं. वह उस समय शाहिद कपूर और सैफ अली खान के साथ रंगून में काम कर रही थीं और तब वह हंसल मेहता की फिल्म सिमरन शुरू करने वाली थीं.

होमी अदजानिया ने कंगना रनौत को कहानी का आइडिया सुनाया और वह उनके साथ काम करने में इच्छुक थीं, लेकिन वह रंगून के बाद हंसल मेहता की फिल्म के लिए पहले से ही प्रतिबद्ध थीं और फिल्मों की तारीखें टकरा रही थीं. कंगना रनौत ने वादा किया था कि भविष्य में वह एक दूसरे के साथ काम करेंगे.

बताते चलें कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत 14 जून, 2020 को अपने मुंबई के बांद्रा में स्थित अपने घर में मृत पाए गए थे. उनकी मौत के मामले की जांच वर्तमान में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की जा रही है.

अभिनेता इरफान खान का भी इस साल निधन हो गया. महान अभिनेता का 29 अप्रैल, 2020 को कैंसर के साथ लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया.

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# पाकिस्तान की सीनेट ने FATF से जुड़े 2 विधेयक किए खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में विपक्ष के वर्चस्व वाली सीनेट ने द्वारा निर्धारित कड़ी शर्तों से जुड़े दो विधेयकों को खारिज कर दिया, जिससे धन शोधन एवं आतंकवादियों को धन मुहैया कराए जाने पर निगरानी रखने वाली वैश्विक संस्था द्वारा काली सूची में डाले जाने से बचने के सरकार के प्रयास जोखिम में पड़ गए हैं। इस कदम पर प्रधानमंत्री इमरान खान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है जिन्होंने विपक्षी नेताओं पर उनके अवैध धन को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। धन शोधन विरोधी (दूसरा संशोधन) विधेयक और इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र वक्फ संपत्ति विधेयक को सीनेट ने मंगलवार को ध्वनि मत से खारिज कर दिया। इससे एक दिन पहले ही नेशनल असेंबली ने दोनों विधेयक पारित किए थे। ये विधेयक पाकिस्तान द्वारा एफएटीएफ की काली (ग्रे) सूची से निकलकर सफेद सूची में जाने के प्रयासों का हिस्सा थे। पेरिस स्थित वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (स्न्नज्ञस्र) ने पाकिस्तान को जून 2018 में ग्रे सूची में डाला था और इस्लामाबाद से 2019 के अंत तक कार्य योजना लागू करने को कहा था लेकिन कोविड-19 के चलते यह समय सीमा बाद में बढ़ा दी गई थी।

डॉन समाचारपत्र ने खबर दी कि 104 सदस्यीय सीनेट ने दोनों विधेयक खारिज कर दिए जब सदन के नेता शहजाद वसीम ने पिछले हफ्ते विपक्षी नेता के खिलाफ की गई अपनी टिप्पणियों पर माफी मांगने से इनकार कर दिया था। सीनेट में विपक्ष के पास बहुमत है। वसीम ने विपक्षी नेताओं का नाम लिए बिना उनपर धनशोधन में लिप्त होने का आरोप लगाया। इन विधेयकों पर अब संसद के संयुक्त सत्र में मतदान कराया जाएगा। प्रधानमंत्री इमरान खान ने ट्वीट किया, ÷आज सीनेट में, विपक्ष ने एफएटीएफ से संबंधित दो अहम विधेयकों को खारिज कर दिया- धनशोधन विरोधी विधेयक और आईसीटी वक्फ विधेयक। पहले दिन से मैं इस बात पर कायम हूं कि विपक्षी नेताओं के स्वार्थी हित और देश के हित भिन्न हैं। उन्होंने कहा, विपक्षी नेता संसद को कार्य करने से रोकने की कोशिश कर अपने अवैध पैसे को बचाने के लिए बेताब हैं.। पहले सरकार की प्रभावी कोविड-19 रणनीति को कमतर बताकर और अब एफएटीएफ की काली सूची से निकलने के पाकिस्तान के प्रयासों को नाकाम कर।

# ट्रंप ने कोविड-19 से पहले भी अर्थव्यवस्था को सुधारने पर काम किया और दोबारा भी करेंगे : वक्ता

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी के शीर्ष सदस्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को व्हाइट हाउस में एक बार फिर मौका देने की अमेरिकावासियों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना वायरस वैश्विक महामारी आने से पहले उनके प्रशासन ने अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने की दिशा में काम किया और कोविड-19 के बाद भी वह इसी दिशा में काम करेंगे। उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने चार दिवसीय 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' के दूसरे दिन मंगलवार को कहा कि अमेरिका अवसरों की भूमि है और राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में लाखों रोगजार सृजित किए और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फिर से मजबूत बनाया, इसे साबित करने के लिए उन्होंने कुछ व्यक्तिगत सफलता के मामलों का भी जिक्र किया। ट्रंप के मुख्य आर्थिक सलाहकार लैरी कुडलो ने कहा कि सभी अमेरिकियों के लिए पिछले कुछ महीने बहुत मुश्किल भरे रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷हमारा देश अब तक की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था को देख रहा है। आपकी आमदनी बढ़ी है। आपका कर कम हुआ है। आपकी सेवानिवृत्ति की योजनाएं उच्चतम स्तर पर हैं। हमारे राष्ट्रपति ने आपको ये सब दिया। समृद्धि दी। कुडलो ने कहा, फिर वैश्विक महामारी आई। यह हमें फिर से घुटनों पर ले आई। लेकिन हम अमेरिकी हैं। हम लड़ाके हैं। और हमारे राष्ट्रपति भी। वह न सिर्फ हमारी सुरक्षा और हमारी सेहत के संरक्षण के लिए सीधे काम पर लौटे बल्कि हमारी नौकरियों और आजीविकाओं को बचाने के लिए भी।

अमेरिका वैश्विक महामारी से सबसे अधिक प्रभावित देश है जहां इसके 50 लाख से अधिक मामले हैं और 1,78,000 लोगों की मौत हुई है। बीमारी के कारण उत्पन्न हुई चुनौतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है जिससे लाखों नौकरियां चली गईं। ट्रंप की बेटी टिफनी ट्रंप जो मुश्किल से सार्वजनिक रूप से सामने आती हैं।

# उत्तरी अफगानिस्तान में बाढ़ से कम से कम 70 लोगों की मौत, 90 घायल

**काबुल।** उत्तरी और पूर्वी अफगानिस्तान में भारी मौसमी बारिश के कारण बाढ़ आने से कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य लोग घायल हैं। उत्तरी परवान प्रांत की प्रवक्ता वहिदा शाहकर ने कहा कि हताहत लोगों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि बचाव दल अब भी ध्वस्त हो चुके घरों के मलबों में लोगों का पता लगाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि प्रांत में कम से कम 66 लोगों की मौत हुई और 90 अन्य घायल हो गए। प्रांतीय अस्पताल के प्रमुख अब्दुल कासिम संगीन ने कहा कि मृतकों में कई बच्चे हैं। कई घायलों की हालत नाजुक है। शाहकर ने बताया कि कल रात भारी बारिश के बाद प्रांत के मध्य हिस्से में बाढ़ आ गई और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने सरकार से राहत सामग्री प्रदान करने और फंसे हुए लोगों तक पहुंचने के लिए कीचड़ तथा मलबा हटा रहे कर्मियों को सहायता देने की अपील की है। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने एक बयान में परवान और अन्य प्रातों में राहत सामग्री पहुंचाने का आदेश दिया है। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट की। आपदा प्रबंध मंत्रालय के प्रवक्ता अहमद तमीम अज़ीमी ने कहा कि बाढ़ कीवजह से पूर्वी और उत्तरी प्रांतों की उन्होंने कहा ''लोगों को बचाने के साथ साथ हम लोग राजमार्गों को खोलने के लिए प्रयासरत हैं ताकि यातायात सामान्य हो सके। अजीमी ने बताया कि मंत्रालय ने लोगों को मंगलवार देर रात सोशल मीडिया के जरिये, भारी बारिश की वजह से बाढ़ की आशंका के चलते लोगों को आगाह किया था। अफगानिस्तान में हर साल गर्मी के मौसम में देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्से में भारी बारिश से बाढ़ आती है।

# चीनी हवाई क्षेत्र में घुसा अमेरिका का जासूसी विमान, भड़क गया ड्रेगन

**बीजिंग।** अमेरिका का एक जासूसी विमान चीन के हवाई क्षेत्र के 'नो फ्लाई जोन में उस समय घुस गया जब चीनी सैनिक अभ्यास कर रहे थे। अमेरिका की इस कार्रवाई से ड्रेगन भड़क गया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने बुधवार को बताया कि यह चीनी हवाई क्षेत्र और इसके अधिकार क्षेत्र के भीतर हुआ। इससे पहले चीनी रक्षा मंत्रालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि जब चीनी सैनिक फायरिंग का अभ्यास कर रहे थे तो एक यू-2 विमान नो फ्लाई जोन में घुस गया था। चीन ने अमेरिका की कार्रवाई को उकसाने वाला बताया और अपना विरोध जताया है। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा



कि इस कार्रवाई से ''सामान्य अभ्यास में गंभीर हस्तक्षेप किया गया। मंत्रालय ने प्रवक्ता वू कीन ने कहा, ''यह पूरी तरह से उकसावे की कार्रवाई है। वू ने कहा कि चीन ने इसका कड़ा विरोध किया है और अमेरिका से ऐसी हरकतें रोकने की मांग की है। बयान में कहा कि चीन का 'उत्तरी थिएटर कमान सैन्य अभ्यास कर रहा था। उसके समय और स्थान संबंधी विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। हालांकि समुद्री सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि यह अभ्यास बीजिंग के पूर्व में बोहाई खाड़ी पर सोमवार को शुरू हुआ और 30 सितम्बर तक चलेगा। व्यापार, प्रौद्योगिकी, ताइवान और दक्षिण चीन सागर सहित कई मुद्दों पर चीन और अमेरिका के बीच विवाद जारी है।

## पत्नी और मां की हत्या करने पर पूर्व भारतीय एथलीट अमेरिका में गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** भारत के लिये एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले पूर्व एथलीट इकबाल सिंह को अपनी पत्नी और मां के हत्या के आरोप में अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। 'द फिलाडेल्फिया इन्क्वायरर' ने अधिकारियों के हवाले से कहा है कि पेनसिलवेनिया के डेलवारे काउंटी के रहने वाले 62 वर्षीय इकबाल सिंह ने रविवार की सुबह पुलिस को फोन किया और अपना अपराध कबूल किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस जब न्यूटाउन टाउनशिप में इकबाल के आवास पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि वह खून से लथपथ है और उसने खुद को भी चोट पहुंचायी है। घर के अंदर दो महिलाओं के शव पड़े थे। इसमें कहा गया है इकबाल पर सोमवार को हत्या के आरोप तय किये गये और उसे हिरासत में रखा गया है। आरोपों की प्रकृति को देखते हुए उसे जमानत नहीं मिली। उसने अपना पक्ष रखने के लिये किसी वकील की सेवाएं नहीं ली हैं। इकबाल गोला फेंक के एथलीट थे और उन्होंने 1983 में कुवैत में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। यह उनके खेल करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि थी। इसके बाद वह अमेरिका जाकर बस गये थे।

## ट्रंप का 'नो मिस्टर नाइस गाय' विज्ञापन - मतदाताओं का दिल जीतने का प्रयास

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पुनर्निर्वाचन अभियान की शुरुआत वैश्विक श्रृंखला के एक जोरदार विज्ञापन के साथ की है जिसमें कहा गया है कि वह ÷कोई नरमदिल इंसान÷ नहीं हैं लेकिन इस विज्ञापन के जरिए उनके अभियान ने इस हफ्ते के रिपब्लिकन सम्मेलन के दौरान ट्रंप का नरम पक्ष दिखाने की कोशिश की है। ट्रंप को सामान्य तौर पर उनके रूखे और उग्र व्यवहार के लिए जाना चाहता है। राष्ट्रपति को इस रूप में दिखाने की प्रतिद्वंद्विता उस वक्त शुरू हुई जब पिछले हफ्ते डेमोक्रेट्स ने अपने उम्मीदवार जो बाइडेन की दया-करुणा को दिखाने का काम किया था। लेकिन ट्रंप को अधिक मानवीय एवं दयालु दिखाने के लिए काम पहले से जारी है जो वरिष्ठ एवं उपनगरीय मतदाताओं का विश्वास फिर से हासिल करने की रणनीति का हिस्सा है। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के दौरान ट्रंप की ओर से स्पष्ट सहानुभूति की कमी और उग्र बयानबाजी के चलते ये मतदाता उनसे छिटक गए हैं। रिपब्लिकन सम्मेलन के पहली दो रात के दौरान पार्टी के सदस्यों ने सभ्य एवं नरम दिल ट्रंप को दिखाने का भरसक प्रयास किया है। सदन के अल्पसंख्यक व्हिप स्टीव स्कालिस ने सोमवार को याद किया कि कैसे 2017 में उन्हें गोली लगने के बाद ट्रंप उनके अस्पताल के बिस्तर के पास बैठे रहे थे। ओहायो के रिपब्लिकन जिम जॉर्डन ने याद किया कि कैसे ट्रंप ने दो साल पहले उनके रिश्तेदारों से बात करने के उनके आग्रह को स्वीकार किया था जिनके बेटे की कार हादसे में मौत हो गई थी। अपने दोस्तों का शुक्रिया करते हुए दिखाया गया। और सीनेटर रैंड पॉल ने मंगलवार को इस बात का खुलासा किया कि कैसे राष्ट्रपति ने ग्वाटेमाला और हैती में आपात नेत्र सर्जरी करने के उनके मेडिकल मिशन को समर्थन दिया था। राष्ट्रपति को कोविड-19 के खिलाफ पहली प्रतिक्रिया देने वालों से बात करते हुए और इन सेवाओं के लिए अपने दोस्तों का शुक्रिया करते हुए दिखाया गया। और सीनेटर रैंड पॉल ने मंगलवार को इस बात का खुलासा किया कि कैसे राष्ट्रपति ने ग्वाटेमाला और हैती में आपात नेत्र सर्जरी करने के उनके मेडिकल मिशन को समर्थन दिया था। राष्ट्रपति को कोविड-19 के खिलाफ पहली प्रतिक्रिया देने वालों से बात करते हुए और इन सेवाओं के लिए अपने दोस्तों का शुक्रिया करते हुए दिखाया गया। और सीनेटर रैंड पॉल ने मंगलवार को इस बात का खुलासा किया कि कैसे राष्ट्रपति ने ग्वाटेमाला और हैती में आपात नेत्र सर्जरी करने के उनके मेडिकल मिशन को समर्थन दिया था। कारोबारी के तौर पर बने ट्रंप के सख्त एवं रुखे व्यक्तित्व से हर कोई भी भली-भांति परिचित है।

# चीन ने सप्लाई किए खराब टेस्ट किट, स्वीडन में 3700 कोरोना पॉजिटिव बाद में निकले स्वस्थ







**बीजिंग।** कोरोना वायरस से जुड़ी चीन की नई करतूत सामने आई है। चीन ने स्वीडन को खराब कोरोना टेस्ट किट सप्लाई कर दी जिसके चलते स्वीडन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वीडन की पब्लिक हेल्थ एजेंसी ने बुधवार को कहा कि जांच में सामने आया है की चायनीज टेस्ट किट की खराबी के चलते 3700 ऐसे लोगों को कोरोना पॉजिटिव मानकर इलाज शुरू कर दिया गया जो कि एकदम स्वस्थ थे। किट रिजल्ट के चलते ये सभी अस्पतालों में कोरोना संक्रमण के प्रति और एक्सपोज हो गए। स्वीडन ने बताया कि पब्लिक हेल्थ एजेंसी के नियमित क्वालिटी चेक में ये बात सामने आई है की 3700 ऐसे लोगों का इलाज चल रहा रहा जो असल में कोरोना पॉजिटिव थे ही नहीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने मंगाई गई किट खराब थीं और हर किसी का रिजल्ट पॉजिटिव ही दे रहीं थीं। ये किट चीन की कंपनी क्व्ल्ढ्ढ से मंगाई गयी थी जो की ज्यादातर देशों में कोरोना टेस्ट किट सप्लाई कर रही है। इन लोगों में लक्षण नहीं थे लेकिन पॉजिटिव रिजल्ट आने के बाद ए-सिम्पटोमेटिक मानकर इनका इलाज चल रहा था। इन किट के जरिए स्वीडन ने मार्च से लेकर अगस्त तक टेस्ट किए हैं और कोरोना मरीजों का आंकड़ा भी इससे मिले रिजल्ट के आधार पर ही है। ऐसे में हेल्थ एजेंसी अब सभी मामलों की जांच करने के बारे में सोच रही है। स्वीडन ने बताया की ये टेस्ट किट कोरोना से मिलते-जुलते लक्षण वाले हर व्यक्ति को पॉजिटिव बता रहीं हैं। हर वह शख्स पॉजिटिव पाया गया जिसे बुखार या जुकाम था, जबकि इसकी वजह कुछ और भी हो सकती हैं। अब एजेंसी सभी संक्रमित व्यक्तियों से संपर्क साधने की कोशिश कर रही है जिससे सही स्थिति का पता लगाया जा सके। हेल्थ एजेंसी ने कहा है कि इस जांच के बाद देश में कोरोना केस के नम्बर्स में भी संशोधन किया जाएगा। स्वीडन ने कहा की इस किट की खराबी को लेकर यूरोपीयन यूनियन की हेल्थ एजेंसी और को भी जानकारी दे दी गई है। स्वीडन में अभी तक 86,891 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं जबकि 5,814 लोगों की इससे मौत हो चुकी है।

## अपनी ही सलाह से उलट, परम्परा को तोड़ते हुए पोम्पिओ ने आरएनसी को किया संबोधित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने दूसरों की दी गई सलाह से उलट और मौजूदा मंत्रियों के चुनाव अभियान से बचने की पुरानी परम्परा को तोड़ते हुए अमेरिकियों से कहा कि अगर वे देश को सुरक्षित रखना चाहते हैं और अपनी स्वतंत्रता बरकरार रखना चाहते हैं तो वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फिर से सत्ता में लाएं। 'रिपब्लिकन नेशनल कंवेन्शन' (आरएनसी) के दूसरे दिन पोम्पिओ के भाषण से राजनीतिक बहस शुरू हो गई। खासकर विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी ने इसका विरोध किया और कहा कि विदेश मंत्री को किसी के पक्ष में बयान नहीं देना चाहिए। पोम्पिओ ने पिछले महीने ही अमेरिकी राजनयिक मिशनों को एक संदेश में कहा था कि संघीय कानून के तहत उन्हें राष्ट्रपति चुनाव अभियान में किसी का पक्ष नहीं लेना चाहिए और अब उन्होंने खुद ही सम्मेलन को संबोधित करके अपनी ही सलाह का उल्लंघन किया है। पोम्पिओ ने आरएनसी ने अपने संबोधन में कहा, '' राष्ट्रीय सरकार का प्राथमिक संवैधानिक कार्य आपके और मेरे परिवार की सुरक्षा, रहने की, काम करने की स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करना है। हमें स्वतंत्र एवं सुरक्षित रखने के लिए इन राष्ट्रपति ने दुनिया के करीब हर कोने में कड़े कदम उठाए हैं।''पोम्पिओ ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 'अमेरिका पहले' के दृष्टिकोण की वजह से अमेरिकी अधिक सुरक्षित, अधिक स्वतंत्र है। यह शायद उन्हें हर विदेशी देश में लोकप्रिय ना बनाए। विदेश मंत्री ने कहा, '' चीन में, उन्होंने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की आक्रामकता का पर्दाफाश किया। राष्ट्रपति ने चीन को चीनी वायरस को छुपाने और उसे अमेरिका और दुनियाभर में लोगों की जान लेने और आर्थिक विनाश के लिए जिम्मेदार ठहराया।

# अमेरिका में नस्ली अशांति एक कड़वी सच्चाई है: मेलानिया ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका में नस्ली अशांति एक कड़वी सच्चाई है और 'हमारे इतिहास के कुछ हिस्सों पर हमें गर्व नहीं है।'उन्होंने देश में सामाजिक सौहार्द्र की अपील के लिये अपने आव्रजन की कहानी याद करते हुए यह बात कही। मेलानिया (50) ने मंगलवार को रिपब्लिकन राष्ट्रीय सम्मेलन में व्हाइट हाउस के रोज गार्डन से अपने संबोधन में 'अपने पति, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फिर से निर्वाचित करने की भावुक अपील की।'' उन्होंने कहा, ''अमेरिका उनके दिल में बसता है।'' उन्होंने कहा, ''आप सभी की तरह, मैंने भी हमारे देश में नस्ली अशांति के बारे में गौर से सोचा है। यह एक कड़वी सच्चाई है और इस कारण हमारे इतिहास के कुछ हिस्सों पर हमें गर्व नहीं है। मैं लोगों को अतीत से सीखते हुए अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने को प्रोत्साहित करती हूं। '' मई में मिनियापोलिस शहर में जॉर्ज फ्लॉयड नाम के एक काले व्यक्ति की मौत होने के बाद सामाजिक-राजनीतिक अशांति के संदर्भ में यह उनकी पहली बड़ी टिप्पणी है। फ्लॉयड को मिनियापोलिस, मिनेसोटा में एक दुकान के बाहर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी की वीडियो फुटेज में यह दिखा कि एक गोरे पुलिस अधिकारी ने कुछ मिनट तक अपने घुटने से उसकी गर्दन जमीन पर दबाये रखी थी। इस अधिकारी पर हत्या का आरोप लगा। वहीं, फ्लॉयड की मौत के बाद नस्ली अन्याय एवं पुलिस बर्बरता के खिलाफ दुनिया भर में प्रदर्शन हुए। अपने आव्रजन की कहानी याद करते हुए स्लोवेनिया में जन्मी मेलानिया ने कहा कि उन्हें 2006 में अमेरिकी नागरिकता मिली और यह उनके जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण था। स्लोवेनिया से आई मेलानिया ने कहा, ''मैं अमेरिका तब आई जब मैं 26 साल की थी। अवसरों की भूमि पर रहने का सपना सच हो गया, लेकिन मैं और अधिक चाहती थी। मैं यहां की नागरिक बनना चाहती थी। कई साल के दस्तावेजी काम और धैर्य के बाद 2006 में मुझे नागरिकता मिली। '' मेलानिया, अमेरिका के बाहर जन्मीं दूसरी प्रथम महिला (राष्ट्रपति की पत्नी) हैं। उनसे पहले लुइसा एडम्स भी ऐसी प्रथम महिला रही हैं, जिनका जन्म अमेरिका के बाहर हुआ था। मेलानिया ने ट्रंप से 2005 में शादी की थी। मेलानिया ने कहा, ''हमें आज यह अवश्य याद रखना चाहिए कि हम एक समुदाय हैं जिसमें कई नस्ल, धर्म और मूल शामिल हैं। हमारे विविध इतिहास ने हमारे देश को मजबूत बनाया है और फिर भी हमें अभी एक दूसरे से काफी कुछ सीखना बाकी है।'' उन्होंने अपने प्राइमटाइम संबोधन में कहा कि ट्रंप प्रशासन ने देश में नस्ल और धर्म से जुड़े मुद्दों पर काम किया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप देश के लिये सबसे अच्छे उम्मीदवार हैं। अमेरिका को उनके पति के नेतृत्व की अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है, ताकि अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाया जा सके। मेलानिया ने ट्रंप को चार साल पहले राष्ट्रपति निर्वाचित करने के लिये देशवासियों का आभार भी जताया। उन्होंने अपने ऐतिहासिक संबोधन में यह भी कहा, '' मैं यहां इसलिए हूं कि हमें इस बात की जरूरत है कि मेरे पति और चार साल हमारे राष्ट्रपति और कमांडर इन चीफ बने रहें। वह हमारे देश के लिये सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं।'' मेलानिया ने कहा, ''मेरे पति के रूप में आपके पास एक ऐसा राष्ट्रपति है ।

जो आपके और आपके परिवार के लिये लड़ने से नहीं रूकेंगे। '' कोविड-19 महामारी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन इसका कारगर इलाज एवं टीका हर किसी के लिये उपलब्ध होने तक नहीं रूकेगा।

## संक्षिप्त समाचार



### इंग्लैंड में कई स्कूलों में मास्क लगाना हुआ अनिवार्य

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए इंग्लैंड के माध्यमिक विद्यालयों में कर्मचारियों और 12 या उससे अधिक आयु के विद्यार्थियों के लिए मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। शिक्षा विभाग ने कहा कि आने वाली हफ्तों में इंग्लैंड के स्कूलों के नए अकादमिक वर्ष के लिए फिर से खुलने की तैयारी करने के मद्देनजर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मास्क संबंधी नियम के तहत स्कूलों को भी इसका पालन करने की जानकारी दी जा रही है। का कहना है कि '' 12 या उससे अधिक आयु के बच्चों का व्यस्कों की तरह ही मास्क लगाना अनिवार्य है, खासकर तब जब कि वे एक दूसरे से एक मीटर की दूरी नहीं बनाए रख सकते या इलाके में संक्रमण के अधिक मामले हों। ब्रिटिश सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह अपने उन दिशा-निर्देशों में बदलाव कर रहा है, जिसके तहत कर्मचारियों और सात या उससे अधिक आयु के बच्चों के लिए मास्क लगाना अनिवार्य था। ब्रिटेन के शिक्षा मंत्री गेविन विलियमसन ने कहा, '' हमारी प्राथमिकता बच्चों को सुरक्षित स्कूल वापस लाना है।हमने हर स्तर पर नवीनतम चिकित्सा और वैज्ञानिक सलाह पर ध्यान दिया है।

### पाकिस्तान में कोरोना वायरस संक्रमण के 482 नए मामले सामने आए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 482 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या 2,94,193 हो गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में 12 रोगियों की मौत हुई है, जिसके बाद मृतकों की तादाद 6,267 तक पहुंच गई है। मंत्रालय के अनुसार देश में अब तक कुल 278,939 मरीज संक्रमण से उबर चुके हैं। 8,987 मरीजों का अब भी इलाज चल रहा है।सिंध में अब तक सबसे अधिक 128,676, पंजाब में 96,466, खैबर पख्तूनख्वा में 35,831, इस्लामाबाद में 15,546, बलूचिस्तान में 12,664, गिलगित-बाल्तिस्तान में 2,745 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 2,265 मामले सामने आए हैं। सिंध में अब तक सबसे अधिक 128,676, पंजाब में 96,466, खैबर पख्तूनख्वा में 35,831, इस्लामाबाद में 15,546, बलूचिस्तान में 12,664, गिलगित-बाल्तिस्तान में 2,745 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 2,265 मामले सामने आए हैं।

### चीन ने सैन्य अभ्यास के दौरान अमेरिकी जासूसी विमान की कथित घुसैपठ का किया विरोध

**बीजिंग।** देश के उत्तरी हिस्से में सैन्य अभ्यास के दौरान निर्धारित 'नो-फ्लाई ज़ोन' में अमेरिकी वायुसेना के यू-2 जासूसी विमान की कथित 'घुसपैठ' का चीन ने विरोध किया है। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस कार्रवाई से ''सामान्य अभ्यास में गंभीर हस्तक्षेप किया गया।'' मंत्रालय ने प्रवक्ता वू कीन ने कहा, ''यह पूरी तरह से उकसावे की कार्रवाई है।'' वू ने कहा कि चीन ने इसका कड़ा विरोध किया है और अमेरिका से ऐसी हरकतें रोकने की मांग की है। बयान में कहा कि चीन का 'उत्तरी थिएटर कमान' सैन्य अभ्यास कर रहा था। उसके समय और स्थान संबंधी विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। हालांकि समुद्री सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि यह अभ्यास बीजिंग के पूर्व में बोहाई खाड़ी पर सोमवार को शुरू हुआ और 30 सितम्बर तक चलेगा।व्यापार, प्रौद्योगिकी, ताइवान और दक्षिण चीन सागर सहित कई मुद्दों पर चीन और अमेरिका के बीच विवाद जारी है। दोनों के रिश्ते कई दशकों में सबसे खराब स्तर पर हैं।

### मेलानिया ने वायरस पीड़ितों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की

**वाशिंगटन।** अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प ने कोविड-19 से प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि इसने अमेरिका को चुनौती दी, लेकिन इससे नागरिक एकजुट भी हुए हैं। 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेन्शन' को मंगलवार रात संबोधित करते हुए मेलानिया ने कहा, '' अमेरिकी ऐसी अपरिचित और भयावह स्थिति में जिस तरह एक साथ आए हैं, वह इससे बेहद प्रभावित हैं।'' उन्होंने कहा कि उनके पति इस ''अदृश्य शत्रु'' को खत्म करने लिए जब तक ''अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं करते, तब तक शांत नहीं बैठेंगे।'' उन्होंने देश में प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर महसूस किए गए ''मानवता के खूबसूरत पहलु'' के बारे में भी बात की। मेलानिया ने कहा कि एक-दूसरे की मदद करने का अटूट संकल्प हमें जोड़े हुए है। प्रथम महिला ने पुनर्निर्मित 'रोज गार्डन' से अपना यह भाषण दिया। एक-दूसरे की मदद करने का अटूट संकल्प हमें जोड़े हुए है। प्रथम महिला ने पुनर्निर्मित 'रोज गार्डन' से अपना यह भाषण दिया। उनके भाषण के दौरान उनके पति एवं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दर्शक दीर्घा में सबसे आगे बैठे थे। कोरोना वायरस के मद्देनजर वहां सभी सीटें दो फुट की दूरी पर लगाई गई थीं। परिवारों और दोस्तों वाले खेमे में बैठे लोगों में से ज्यादातर ने मास्क नहीं लगाए थे।

## जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

क्रांति समय संवाददाता

उन्नाव जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पहलुओं पर विचार किया गया।

जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्बन्ध में ब्लैक स्पाटों का निरीक्षण एवं सुधारात्मक कार्यवाही, डग्गामार व अनाधिकृत संचालित एवं ओवरलोड यात्री एवं भार वाहनों पर की गयी कार्यवाही, जनपद में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर मार्ग दुर्घटनाओं से घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा निर्धारित लोकेशन पर उपलब्ध कराना एवं निर्धारित लोकेशन पर उपलब्ध एम्बुलेन्सों, एनएचएआई व यूपीडा के टोल प्लाजा पर उपलब्ध एम्बुलेन्स तथा क्रेनों के संचालन, बढती सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के उद्देश्य से स्कूल व कालेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन आदि पर विस्तार से चर्चा की गयी।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि स्कूल व कालेजों के नाम पंजीकृत वाहनों की सूची तथा सम्बद्ध निजी वाहन स्वामियों के वाहनों की सूची तैयार की जाये। नेशनल हाईवे पर अनाधिकृत




संचालित ढाबों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही, राजमार्गों पर जाम की स्थिति से निपटने के लिये की गयी कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की तथा वाहनों के सुगम संचालन पर विचार विमर्श किया। बैठक में शामिल न होने के कारण अनुपस्थित पाये गये अधिकारी के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

लोक निर्माण विभाग द्वारा बनायी जा रही जनपद की विभिन्न सड़को के गुणवत्ता युक्त एवं समयबद्ध तरीके से कार्य न पूरा कराये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये

सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने कि कार्यवाही पर समीक्षा की। विगत तीन वर्षो में घटित दुर्घटनाओं के आंकड़ों का विश्लेषण एवं मृत्यु दर में 10 प्रतिशत की गिरावट हेतु भविष्य की कार्ययोजना, दुर्घटना में लिप्त चालकों के ड्राइविंग लाइसेन्स के निलम्बन व निरस्तीकरण की कार्यवाही, राज्य सड़क परिवहन निगम की वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं की स्थिति पर विचार एवं मृत तथा घायल व्यक्तियों को वितरित धनराशि का अनुश्रवण एवं दुर्घटनाओं में दी गयी सहायता की समीक्षा आदि पर चर्चा की गयी।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट चदंन पटेल, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी प्रभारी यातायात, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक आदि उपस्थित रहे।

## एडीएम ने किया 1.64 करोड़ के बन रहे कान्हागोशाला का निरीक्षण

ऊंचाहार।ऊंचाहार ब्लाक के गांव पट्टीरहसकैथवल मे बन रहे करोड़ों की लागत से कान्हागोशाला का बुधवार के दिन एडीएम ने औचक निरीक्षण किया है।

बताते चले कि कान्हागौशाला नगर पंचायत ऊंचाहार मे बनना था लेकिन नगर पंचायत मे पर्याप्त भूमि न होने के कारण



ईओ निखिलेश मिश्र ने नगर से सटे ऊंचाहार ब्लाक के ग्राम पंचायत पट्टीरहसकैथवल मे कान्हागौशाला बनाने का प्रस्ताव पारित किया।जिसके बाद उसकी भूमि की स्वीकृत होने पर यहां पर 1करोड़ 60 लाख रूपए की लागत से कान्हागोशाला बनने का कार्य प्रारंभ हो गया है।जिसको बनाने के लिए नगर पंचायत ऊंचाहार ही कार्यदायी संस्था भी है।बुधवार के दिन एडीएम प्रेमप्रकाश उपाध्याय ने औचक निरीक्षण किया और कान्हागोशाला बनने के प्रति नगर पंचायत ऊंचाहार ईओ निखिलेश मिश्र को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।जिस मौके पर कई लोग उपस्थिति थे।

## मंदिर की भूमि पर हो रहा है निर्माण;पीड़ित काट रहा तहसील के चक्कर–

ऊंचाहार।सूबे के मुख्यमंत्री जहां सख्ती के साथ भू माफियाओ के ऊपर पेश आने को लेकर समय समय पर पत्राचार किया करते है लेकिन स्थानीय तहसील के अधिकारी के लापरवाही के कारण कहीं और नही बल्कि मंदिर की भूमि पर दबंगो के द्वारा जबरन अवैध कब्जा किया जा रहा है।जिसकोलेकर कोतवाली से लेकर तहसील तक के पीड़ित चक्कर काट रहा है।

बताते चले कि ऊंचाहार कोतवाली के गांव कमालपुर निवासी शिवनारायन सिंह ने कोतवाली व तहसील मे कई शिकायती पत्रों का देने का दावा करते हुए शिकायती पत्र के साथ मीडिया से रूबरू हुए जिन्होने बताया कि गांव के चार लोगों के द्वारा जबरन मंदिर के नाम से दर्ज भूमि पर अवैध निर्माण कर रहे है।मंदिर की भूमि पर कब्जा करने वालों को रोकने पर आरोपितो के द्वारा गालीगलौज;जान से मारने की धमकी व मारपीट पर आमादा हो रहे है।जिसमे पीड़ित ने बताया कि हम रिटायर होमगार्ड के प्लाटूनकमाडेंट भी है।

जिसमे बुजुर्ग शिकायतकर्ता ने कहा कि जब सूबे के मुख्यमंत्री योगी जी है उनके राज मे मंदिरो मे कब्जा अवैध हो रहा है तो क्या होगा जबाने का हलाकि ये उनकी जुबानी बात है क्योकि सूबे के मुख्यमंत्री अपने ईमानदारी छवि के लिए जाने जाते है और भू माफिया के खिलाफ तहस.



ील स्तर पर एंटी टीम भी गठित कर रखा है और तो और समय समय पर हिदायतें भी पत्राचार के माध्यम से मतहतो को देते है।जिसमे पीड़ित ने नवगंतुक डीएम को भी शिकायती पत्र देकर चारो आरोपितो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग किया है।उधर तहसीलदार अभिनव पाठक ने बताया कि पीड़ित हमसे नही मिला है हम प्रकरण की जांच करवाने के बाद अग्रिम कार्यवाही करेंगे।

## उन्नाव मे चोरों ने साफ किए दो जगह अलग–अलग अपने हाथ,दोनों पीडितों ने कोतवाली में दिया प्रार्थनापत्र

क्रांति समय संवाददाता

उन्नाव शहर कोतवाली के दो चौकी क्षेत्रों में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए नगदी, जेवर व मोबाइल समेत लाखों रुपए का माल पार कर दिया। भुग्तभोगियों ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र देते हुए चोरी गया माल बरामद कराने की गुहार लगाई है।

घटना.01 कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र का है। यहां चोरों का निशाना बने मगरवारा गांव के चिकवाही मो. हल्ला निवासी नफीस पुत्र अब्दुल सकूर। बकौल नफीस रोज की तरह उनका पूरा परिवार रात में गहरी नींद में सो रहा था। इसी बीच पीछे की दीवार से चढ़ कर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़ कर उसमें रखें 40 हजार रुपए व सोने चांदी के आभूषण पार कर दिए। पीड़ित के मुताबिक सोने के जेवरों में ढाई तोले का हार, 2 तोले की झुमकी, 2 अंगूठी, 1 मांग टीका व 2 सोने की जंजीर के अलावा 750 ग्राम वजनी चांदी की पायल व एक मोबाइल फोन चोरों ने पार किया है । सुबह जागने पर जब घर वालों ने अलमारी का हाल देखा तो हाय तौबा मच गयी। नफीस के मुताबिक तकरीबन हर रोज जीने का दरवाजा बंद रहता था। बीती रात लापरवाहीवश दरवाजा खुला रह गया । 112 नंबर पर घटना की जानकारी दी गयी। मौके पर पहुंची पीआरवी के सिपाहियों ने चौकी और कोतवाली पुलिस से सम्पर्क करने की बात कही। चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है। नफीस ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है।

घटना.02 कोतवाली के दही चौकी क्षेत्र के राजेपुर नई बस्ती मनोहर नगर की है। यहां चोरों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री राधा के घर को निशाना बनाया।

छत के रास्ते घर में दाखिल हुए चोर ज्यादा तो नहीं पर 51 हजार रुपए व बेटे राज का एंड्रायड मोबाइल फोन उठा ले गए।

राधा के अनुसार उनके पति विजय कुमार पेशे से ड्राइवर हैं, जबकि बेटा राज पान मसाले की मार्केटिंग का काम करता है।

राज ने फाइनेंस पर मोबाइल लिया था जिसकी अभी पूरी किस्तें भी नहीं जमा हुई है। उस मोबाइल में राधा के जरूरी दस्तावेजों का डेटा भी था।

राधा के पति विजय कुमार पुत्र नर्मदेश्वर ने घटना की तहरीर सदर कोतवाली में दी है।



## शुक्लागंज में आप को जहाँ खबर चलानी हो चला लीजिये यह कहकर अधिकारी ने काटा फ़ोन

क्रांति समय संवाददाता

उन्नाव निर्बाध विद्युत आपूर्ति का दावा करने वाली सरकार अपने दावे पर कितना खरा उतरती है इसकी एक बानगी आप उन्नाव जिले के एक कस्बे शुक्लागंज में देख सकते हैं जहाँ प्रदेश सरकार दावा करती है कि चाहें शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र विद्युत आपूर्ति दिये गये समय मानकों के आधार पर निर्बाध की जायेगी वहीं शुक्लागंज व इसके आस पास के इलाकों में बिजली विभाग सरकार के वादों पर पलीता लगाने का काम बडी ही शानदार तरीके से कर रहा है। चाहें दिन हो या रात न तो बिजली आने का कोई समय है और न ही जाने का।

रोस्टिंग के नाम पर दिन में कई बार लाईट काट दी जाती है।

वहीं क्षेत्रीय लोगों की माने तो हर महीने बिजली का बिल बढ़ता ही जा रहा है

और लाईट उनकी अपेक्षा के अनुसार बहुत कम ही मिलती है कभी दिन में घंटो तो कभी रात में कोई निश्चित समय नहीं है लाईट आने जाने का,और इसी बीच कहीं फाल्ट हो गया तो फिर भगवान ही भरोसे विद्युत व्यवस्था।

इस विषय पर जब गोकुलबाबा सब स्टेशन के क्षेत्रीय खंड अधिकारी उपेंद्र तिवारी से बात की गई तो उन्होने दावा किया कि शुक्लागंज नगर को 20 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जारही है जब संवाददाता ने उन्हें सच्चाई से अवगत कराया तो खीजते हुऐ अधिकारी महोदय ने कहा कि आप से ज्यादा बहस नहीं करना है

आप अपना मीटर नं दीजिये मैं फीडर चेक करवा के पता लगवाता हूँ कि लाईट कितनी देर के लिए कटती है और पुनः इस बात का दावा करते हुए कि विद्युत आपूर्ति 20 घंटे होती है शुक्लागंज में आप को जहाँ खबर चलानी हो चला लीजिये कहकर फोन काट दिया।

अब ये देखने वाली बात है कि अगर सम्बन्धित अधिकारी इस तरह से जवाब देगें तो आम जनता सवाल किससे पूछेगी और उसकी समस्या का हल निकालना किसकी जिम्मेदारी होगी??

इन निरंकुश अधिकारियों की लापरवाह कार्यशैली पर लगाम कैसे लगेगी??

और कब निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ शुक्लागंज की आम जनता को मिल पियेगा??

## रोजगार मेला का आयोजन 28 अगस्त को, इच्छुक अभ्यर्थी करे ऑनलाइन आवेदन

रायबरेली जला सेवायोजन कार्यालय रायबरेली में एक दिवसीय ऑनलाइन रोजगार मेला का आयोजन 28 अगस्त को किया जा रहा है। रोजगार मेला में स्मार्टटेक इन्फाटेक्चर प्रा0लि0, मग्ध एग्रो प्रा0लि0 स्कापिक्स इण्डिया लि0, कल्यानी सोलर पावर, महार्षि दयानन्द वेकेनल टेनिग इन्स्टीयूट प्रा0लि0 आदि 05 कम्पनियॉ लगभग 350 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है। कम्पनियों द्वारा टेक्नीज, आपरेटर, सेल्स एजीक्युटिव, सेल्समैन कम्प्युटर आपरेटर पदो हेतु चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। आयु 18 से 45 वर्ष तथा शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल से इण्टर परीक्षा उत्त्रीण आदि शैक्षिक योग्यता के अभ्यर्थी मेले में सम्मिलित हो सकते है।

मेला में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल `मूंलवरंदण्नचण्दपबण पद (रोजगार मेला आई0 डी0 3244) के माध्यम से इच्छुक पंजीकृत अभ्यर्थी लॉगिन करके नियोजको व उनके यहां उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अभ्यर्थियों का नियोजको/कम्पनियों द्वारा मोबाइल के माध्यम से साक्षात्कार लिया जायेगा।

अभ्यर्थियों के मोबाइल नम्बर पर ही नियुक्ति की सूचना दी जायेगी।

अभ्यर्थियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नही है। नियोजको से अनुरोध है कि वे अपने स्तर से साक्षात्कार की व्यवस्था करें।

## एसएसबी इंस्पेक्टर ने की आत्महत्या

महाराजगंज (एजेंसी)। सीमा चैकी बैरिया बाजार में सशस्त्र सीमा बल के एक इंस्पेक्टर ने बुधवार को सर्विस रिवाल्वर से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के मुताबिक 29 वर्षीय इंस्पेक्टर विश्वजीत ने बैरिया बाजार स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 66वीं बटालियन, सीमा चैकी पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

विश्वजीत को पहले निकट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और फिर वहां से नौतनवां के अस्पताल ले जाया गया,

जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

विश्वजीत हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के रहने वाले थे।

## कोविड बुलेटिन

लखीमपुर खीरी 26 अगस्त 2020।' विगत 24 घंटे में ( सायं 5:00 बजे तक) कुल 226 रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

जिसमें 47 (आरटीपीसीआर)लैब से पॉजीटिव रिपोर्ट एवं 179 नेगेटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इसी के साथ 56 ( 02 अन्य लैब, 05 टुनेटएवं 49 एंटीजन) पॉजिटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई है। अतः इस प्रकार कुल आज 103 पॉजिटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

वही 08 संक्रमित व्यक्तियों की ट्रेसिंग चल रही है।

अतः इस प्रकार जनपद में अब तक कुल 2014 पॉजिटिव केस मिले,

जिनमें उपचार उपरांत 1158 पॉजिटिव व्यक्ति पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर डिस्चार्ज कर दिए गए।

वर्तमान में जनपद में कुल 835 एक्टिव पॉजिटिव केस है।

वहीं अब तक 21 संक्रमित की मृत्यु हो चुकी है।

तहसील सदर : 52
लाहौरी नगर–01
राजापुर–01
जोधपुर–01( चित्र मेडिकल केयर में कर्मचारी)
संकटा देवी–01
राजगढ़–01
नवजीवन नर्सिंग होम–01
लक्ष्मी देवी कॉलोनी, मिदानिया–01
त्रिकोलिया–01
शिवाला पुरवा–01
बरखेरवा–01
श्याम नगर–01
महावीरन टोला, ओयल–01
शाहपुरा कोठी–02
महाराज नगर–01
मोतीपुर–01
उदयपुर महेवा–02
अंदेश नगर–01
हाथीपुर–02
हाथीपुर उत्तरी–01
भरत पुरी कॉ. लोनी–01
मिश्राना–03
सलेमपुर–01
छाउछ–01
ईदगाह–04
इमली चौराहा–02
बहादुर नगर–01
शिव कॉलोनी–04
अंदेश नगर–01
रामनगर–03
रामापुर–03
पटेल नगर–01
कपूरथला–01
अर्जुन पुरवा–01
काशी नगर–01
नई बस्ती–01
महेवागंज–01
तहसील गोला गोकरननाथ : 09
वार्ड नंबर आठ–03
कोरैया–01
ऊंची भूढ़–02
कुमारन टोला–01
तीर्थ–01
मुन्नू गंज–01
तहसील मोहम्मदी : 09
सल्लिया–02
बरखेरिया जाट–04
पूर्वी लखपेड़ा–01
बाजार गंज–01
जेबी गंज–01
तहसील मितौली : 02
ककरहा–01
पनोरा–01
तहसील निघासन : 03
रकेहटी–01
थाना तिकुनिया–01 पुलिसकर्मी
पदुवा–01
तहसील धौरहरा : 20
बसड़िया–12
बोझिया–01
रामपुर, दुलही–01
तेलियार–01
शेरपुर–01
भागहरपुरवा–04
तहसील पलिया : 01
इब्राहिमपुर–01

## सार–समाचार

### दुकान में शटर काटकर चोरी

कानपुर कस्बा भीतरगांव में स्थित पुलिस चौकी के कुछ दूरी पर बीती रात चोरों ने बारीगांव निवासी दिनेश कुशवाहा की स्वीट हाऊस की दुकान का शटर तोडकर नगद और दुकान का सामान चोरी कर लिया और पुलिस के गश्त की पोल को खुला चैलेंज देकर फरार हो गये पडोसी दुकानदार को आहट मिलने पर शोर मचाया तो साथ ले जा रहे सामान को मौके पर छोड चोर फरार हो गये

चौकी इंचार्ज भीतरगांव राजेश बाजपेयी ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर जांच की है मामला संदिग्ध लग रहा है कार्यवाही की जायेगी

### तेज रप्तातर कार कहर

कानपुर तेज रप्तातर कार सबार ने बाइक में जोरदार मारी टक्कर युवक हुआ घायल घायल युवक स्थानीय लोगों की मदद से निजी हॉस्पिटल में कराया गया भर्ती मामला नबाब गंज थाना के अंतर्गत गंगा बैराज का है घायल युवक का नाम गौरव भाटिया बताया जा रहा है युवक स्थानीय गंगा बैराज निवासी हैं

### कांग्रेसियों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

बाराबंकी(एजेंसी)। जनपद के किसानो को तत्काल यूरिया खाद उपलब्ध हो जिससे उनकी धान की फसल अच्छी हो इसके लिये आज जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पदाधिकारियो की मौजूदगी में जनपद के समस्त छः तहसीलो पर उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के महामहिम को को ज्ञापन प्रेषित कर कांग्रेसजनो ने सहकारी समितियो, इको .'भको क्रय केन्द्रो तथा खुले बाजार में समुचित मात्रा में खाद उपलब्धता की जोरदार मांग की। जिला प्रशासन के माध्यम से महामहिम को ज्ञापन प्रेषित करने के क्रम में नवाबगंज तहसील में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेशीय उपाध्यक्ष तनुज पुनिया, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, के.सी. श्रीवास्तव, अखिलेश वर्मा, कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन, मो. शफी आजाद, इन्द्रेश वर्मा, रामनगर तहसील में पूर्व विधायक राजलक्ष्मी, पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, दुर्गेश दीक्षित, डा. शुऐब, जयंत गौतम, सियाराम यादव, गुड्डू राईन की अगुवाई में कांग्रेसजनो ने प्रशासन के प्रतिनिधियो को ज्ञापन सौपा।

### यूपी के एक और कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह कोरोना संक्रमित

मुरादाबाद (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश सरकार के एक और मंत्री कोरना से संक्रमित हो गए है। यूपी के कैबिनेट मंत्री पंचायतराज भूपेंद्र सिंह चैधरी ने खुद ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है। कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद भूपेंद्र सिंह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती होंगे। भूपेंद्र सिंह ने बुधवार सुबह ट्वीट करते हुए कहा कि कोरोना के लक्षण दिखने पर मैंने अपना कोरोना टेस्ट करवाया है और मेरी रिपोर्ट पॉजटिव आई है। डॉक्टर्स की सलाह पर मैं अस्पताल में भर्ती हो रहा हूं। मेरा निवेदन है कि जो भी इस बीच मेरे संपर्क में रहा हो वह स्वयं को आइसोलेट करके अपनी जांच करवा लें। विदित हो कि इससे पहले प्रदेश सरकार के कई मंत्री कोरोना की चपेट में आ चुके हैं। वहीं, यूपी सरकार के दो मंत्रियों कमलरानी वरुण और चेतन चैहान की कोरोना से मौत हो चुकी है। इस बीच राजधानी लखनऊ की मोहनलाल गंज लोकसभा सीट से भाजपा सांसद कौषल किशोर भी कोरोना संक्रमित मिले हैं। उन्हें भी उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

### पीएसी बटालियन परिसर में पेड़ से लटकता मिला जवान का शव

सीतापुर (एजेंसी)। सीतापुर में 27 वीं वाहिनी पीएसी बटालियन के जवान का शव बुधवार तड़के का संदिग्ध परिस्थितियों में परिसर में लगे पीपल के पेड़ से लटकता मिला है।

सूचना मिलते ही मौके पर आला अफसर पहुंचे। शव को नीचे उतार पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

विवरण के मुताबिक उन्नाव जिले के बांगरमऊ थाना क्षेत्र के सुब्बाखेड़ा गांव निवासी रितेंद्र कुमार (22) पुत्र रूपचंद्र वर्ष 2019 बैच का जवान था।

बटालियन के सेनानायक मनीराम यादव ने बताया कि रितेंद्र बुधवार रात को गेट नंबर एक पर ड्यूटी कर रहा था। मृतक जवान रितेंद्र का अपने जीजा की बहन से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

यह बात उसके जीजा ने स्वयं स्वीकार की है। मृतक के जीजा ने बताया कि उन्होंने रितेंद्र को अपने ही घर पर रखकर पढ़ाया–लिखाया था। उसी बीच बहन और रितेंद्र का प्रेम प्रसंग हो गया। जिस पर वह लगभग हर रोज मोबाइल से काफी देर तक बात किया करता था।

बुधवार तड़के घटना होने के बाद रितेंद्र के मोबाइल पर उसकी प्रेमिका फोन भी आया था,

लेकिन एहतियात बरतते हुए उसे रिसीव नहीं किया। वहीं, मृतक जवान के मोबाइल फोन को ट्रेस किया गया है।

तड़के तीन बजे तक की लास्ट कॉल पाई गई है।

### यूपी में कम्प्लीट लॉकडाउन की खबरों को सरकार ने बताया अफवाह

संजय मौर्य,उत्तर प्रदेश ब्यूरो

लखनऊ हाईकोर्ट द्वारा लॉकडाउन का सुझाव देने के आदेश का हवाले देते हुए सोशल मीडिया में लॉकडाउन को लेकर खबरें चल रही थी।

जिसको लेकर सरकार ने स्पष्टीकरण जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश में कम्प्लीट लॉकडाउन लगाने की खबरों को यूपी सरकार ने अफवाह और झूठा करार दिया है। बता दें कि प्रदेश के कुछ जिलों में कोरोना के बढ़ते मामलों पर नाराजगी जताते हुए कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है और जिन जिलों में तेजी से संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं वहां पर कंपलीट लॉकडाउन का सुझाव भी दिया है। जिसको लेकर कई तरह की खबरें चल रही थी। जिसपर सरकार ने सफाई पेश कर दी है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी की ओर से बयान जारी कर कहा गया है कि सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश में फिर से कम्प्लीट लॉकडाउन लगाने की झूठी रिपोर्टों को प्रसारित किया जा रहा है। इसे नजरअंदाज करें।

बता दें कि सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों में इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक आदेश का हवाला दिया जा रहा है,

जिसमें कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर नाराजगी जताई है।

हाई कोर्ट ने यूपी सरकार को कम्प्लीट लॉकडाउन का सुझाव दिया है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# गैर-भाजपा दलों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में बोले उद्धव ठाकरे - फैसला करें, केंद्र से डरना है या लड़ना है




**नई दिल्ली।** जेईई मेन और नीट समेत अन्य मुद्दों पर बुलाई गई गैर-बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में मराहाष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साथा है। उद्धव ठाकरे ने बैठक में कहा कि हमें फैसला करना चाहिए कि हमें केंद्र सरकार से डरना है या लड़ना है। ठाकरे ने कहा कि गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को जोरदार तरीके से अपनी आवाज उठानी चाहिए क्योंकि केंद्र सरकार हमारी आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को राज्यों के जीएसटी मुआवजे सहित और परीक्षाओं को लेकर कांग्रेस शासित राज्यों सहित तीन अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ मीटिंग बुलाई है। मुख्यमंत्रियों की इस वर्चुअल बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने परीक्षाओं को लेकर कहा, सुप्रीम कोर्ट चलते हैं। इस मुद्दे पर बात करते हैं। यह छात्रों के लिए मानसिक प्रताड़ना है। मैंने किसी लोकतांत्रिक देश में इतनी उद्दंडता नहीं देखी है। स्थिति बहुत गंभीर है। हमें बच्चों के लिए आवाज उठानी ही होगी। इससे पहले, ममता बनर्जी ने कोरोना महामारी के मद्देनजर केंद्र से परीक्षाओं को टालने का आग्रह किया था। सोनिया गांधी बुधवार को त्स्ज्ञ मुआवजे और परीक्षाएं स्थगित कराने समेत कई मुद्दों पर गैर बीजेपी शासित राज्यों के साथ बैठक की। इस बैठक में ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने हिस्सा लिया। राजथान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने प्रदेश के हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ काम हो रहा है और विपक्ष की चुनी हुई सरकारों को गिराने का प्रयास हो रहा है। बैठक में सोनिया ने यह दावा भी किया कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश के प्रगतिशील, धर्मनिरपेक्ष और वैज्ञानिक मूल्यों के लिए झटका है। उन्होंने कहा, ''जीएसटी को सहयोगात्मक संघवाद के उदाहरण के तौर पर लागू किया गया। इसमें राज्यों को पांच साल तक 14 प्रतिशत की दर से मुआवजा देने का वादा किया गया। गत 11 अगस्त को वित्त मामले की संसद की स्थायी समिति की बैठक में भारत सरकार के वित्त सचिव ने स्पष्ट तौर पर कहा कि केंद्र सरकार मौजूदा वित्त वर्ष में राज्यों को जीएसटी का मुआवजा देने की स्थिति में नहीं है। सोनिया ने आरोप लगाया कि राज्यों को जीएसटी का मुआवजा देने से इनकार करना राज्यों और भारत के लोगों के साथ बैठक में इन सात राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने यह भी कहा कि कोरोना वायरस महामारी की स्थिति को देखते हुए ।

# जम्मू कश्मीर में इंटरनेट सेवा स्थगित करने के मुद्दे पर समिति की बैठक रद्द की जाए : दूबे

**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसद और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधित संसद की स्थायी समिति के सदस्य निशिकांत दूबे ने बुधवार को समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर से जम्मू कश्मीर सहित विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में इंटरनेट सेवाओं को स्थगित करने के मुद्दे पर बुलाई गई समिति की बैठक रद्द करने की अपील की । दूबे ने थरूर को यह पत्र ऐसे समय में लिखा है जब एक दिन पहले ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद की सभी स्थायी समिति के अध्यक्षों को परामर्श जारी किया कि समिति की बैठक आयोजित करते समय नियमों एवं नियमन का सख्ती से पालन करें । बिरला ने यह परामर्श तब जारी किया जब सूचना और प्रसारण संबंधी स्थायी समिति में भाजपा और विपक्षी सदस्यों के बीच जम्मू कश्मीर में इंटरनेट सेवा स्थगित करने और अगली बैठक में फेसबुक को तलब करने के विषय पर आरोप प्रत्यारोप सामने आए । बहरहाल, दूबे ने थरूर को लिखे पत्र में कहा,÷चूंकि यह मामला भारत के उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है और इस बारे में आगे चर्चा लोकसभा अध्यक्ष की ओर से जारी परामर्श का निरादर और प्रासंगिक नियमों एवं नियमन का फिर से उल्लंघन होगा । थरूर इस मुद्दे पर भाजपा सांसदों के आरोपों का सामना कर रहे हैं जो उन्हें समिति के अध्यक्ष पद से हटाने की भी मांग कर रहे हैं । लोकसभा अध्यक्ष के निर्देशों का उल्लेख करते हुए दूबे ने कहा कि परामर्श में स्पष्ट कहा गया है कि समिति की कार्यवाही को गोपनीय माना जायेगा और समिति ऐसे विषयों पर विचार नहीं करेगी जो अदालत में लंबित हो । भाजपा सांसद ने कहा, इसलिये, मैं आपसे अपील करता हूं कि इस उद्देश्य के लिये बुलाई गई सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति की बैठक को तत्काल रद्द किया जाए । उन्होंने थरूर से आग्रह किया कि ऐसे मुद्दों को समिति के समक्ष विचारार्थ नहीं लाएं जो राष्ट्रीय महत्व के हों, अन्यथा समिति लोकसभा अध्यक्ष की इच्छा का फिर निरादर करती दिखेगी । भाजपा सांसद ने कहा कि संसदीय समितियों की बैठकों का संचालन अध्यक्ष के कंधे पर होता है।

## 24 घंटे में 63,173 मरीज हुए कोरोना से ठीक, 76 फीसदी के पार हुआ रिकवरी रेट

**नई दिल्ली।** देश भर में पिछले 24 घंटे में 63,173 व्यक्ति कोरोना वायरस के संक्रमण से स्वस्थ हुए हैं, जिससे राष्ट्रीय औसत रिकवरी दर 76 प्रतिशत के पार 76.30 प्रतिशत हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में देशभर में 63,173 कोरोना मरीज स्वस्थ हुए हैं जिससे अब तक संक्रमण को मात देने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या बढ़कर 24,67,758 हो गयी है। मंत्रालय का कहना है कि कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों की तुलना में अब तक स्वस्थ हुए कोरोना मरीजों की संख्या साढ़े तीन गुना अधिक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार,संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों तथा अब तक संक्रमण मुक्त हुए व्यक्तियों के बीच का फासला बढ़कर 17,60,489 हो गया है रिकवरी दर के मामले में दिल्ली सबसे आगे है। दिल्ली में रिकवरी दर 90 प्रतिशत है। इसके अलावा तमिलनाडु में रिकवरी दर 85 प्रतिशत, बिहार में 84 प्रतिशत , हरियाणा में 82 प्रतिशत और गुजरात में 80 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में कोरोना सक्रमण के 67,151 नये मामले सामने आने से अब तक संक्रमण के शिकार हुए व्यक्तियों की संख्या बढ़कर 32,34,474 हो गयी है। हालांकि, 25 अगस्त को 63,173 संक्रमितों के रोगमुक्त होने और 1,059 मरीजों की मौत से संक्रमण के सक्रिय मामलों में 2,919 की तेजी आयी है।

## जम्मू में पोक्सो अधिनियम के तहत मुकदमे का सामना कर रहे व्यक्ति ने जान दी

**जम्मू ।** जम्मू में पोक्सो अधिनियम के तहत मुकदमे का सामना कर रहे 24 वर्षीय एक व्यक्ति ने तवी नदी में कथित तौर पर कूद कर जान दे दी। इसके बाद पुलिस ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू के जानीपुर का रहने वाला अक्षय कुमार मंगलवार को तवी नदी पर बने तीसरे पुल से कूद गया। पिछले दो दिनों से भारी बारिश के बाद नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है इसलिए उसके शव का पता नहीं लगाया जा सका। इस कड़े कदम को उठाने से पहले व्यक्ति ने एक वीडियो बनाया था जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उसने खुद के निर्दोष होने और पुलिस तथा पीड़ित के परिवार पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा,÷हम इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से बेहद दुखी हैं। पुलिस अधीक्षक-नगर (उत्तर) के नेतृत्व में इस मामले से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का आदेश दिया गया है। जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में नौबाद पुलिस थाने में आत्महत्या के प्रयास की धारा 309 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वीडियो में व्यक्ति ने पुलिस पर कोविड-19 जांच को लेकर परेशान करने का आरोप लगाया था।

# उमा भारती ने की सोनिया गांधी की तारीफ, पूर्व मंत्री बोले- अब उन्हें मुंडन करा लेना चाहिए

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा उपचुनाव से पहले राजनीतिक गहमागहमी तेज हो गई है। कांग्रेस हो या बीजेपी हर कोई एक दूसरे को घेरने और जनता के दिलों में अपनी जगह बनाने में लगा है। इसी कड़ी में एक तरफ बीजेपी की फायर ब्रांड नेता एवं केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने सोनिया गांधी की तारीफ में कसीदे गढ़ दिए तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री ने उमा भारती को ही निशाने पर ले लिया। सज्जन सिंह वर्मा ने उमा भारती को गंगा सफाई का वचन याद दिलाया और मुंडन करा लेने की बात कह डाली। उमा भारती ने ट्वीट करते हुए लिखा कि मैं उनका बहुत आदर करती हूं, वह एक अच्छी बहु, अच्छी पत्नी एवं अच्छी मां रही हैं। मैंने अपने लिए भी उनमें ममत्व का भाव देखा है मगर इन कारणों से वह भारत की नेता तो नहीं बन सकतीं हैं। मैं उनका बहुत आदर करती हूं, वह एक अच्छी बहु, अच्छी पत्नी एवं अच्छी मां रही हैं। मैंने अपने लिए भी उनमें ममत्व का भाव देखा है मगर इन कारणों से वह भारत की नेता तो नहीं बन सकतीं हैं। उमा भारती के इस ट्वीट के बाद कांग्रेस के पूर्व मंत्री संज्जन सिंह वर्मा ने उमा भारती पर तंज कसते हुए कहा कि उमा भारती पलायन करने वाली नेता हैं, उन्होंने गंगा की सफाई को लेकर वचन दिया था, अपना वचन पूरा नहीं कर पाई उन्हें मुंडन करा लेना चाहिए। वहीं कांग्रेस के पोल खोल अभियान की अनुमति निरस्त होने पर पूर्व मंत्री ने कहा कि हम लोग ग्वालियर जा रहे हैं, जिसमें दम हो रोक कर दिखाए। वहीं ज्योतिरादित्य सिंधिया के नागपुर दौरे दौरान संघ मुख्यालय जाने पर सज्जन सिंह वर्मा का कहना है कि बेहतर होता वो पहले रानी लक्ष्मी बाई की समाधि पर जाते, सिंधिया जी अब श्रीमंत नहीं रहे हैं, अभी तो वो अमित शाह के यहां चक्कर लगाएंगे, मोदी के यहां चक्कर लगाएंगे। वहीं ग्वालियर में बीजेपी के सदस्यता अभियान पर सिंधिया की बयानबाजी को लेकर कहा कि उन्हें झूठ बोलने की ट्रेनिंग देने के बाद ही बीजेपी में शामिल किया गया है।ऑ

# पश्चिम बंगाल में 20 सितंबर तक बंद रहेंगे शैक्षणिक संस्थान: ममता बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य में 20 सितंबर तक शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे। इससे पहले सोनिया गांधी की सात राज्यों के मुख्यमंत्रियों की वर्चुअल बैठक में ममता बनर्जी ने कहा था कि, अगर केंद्र सरकार को लगता है कि वो नीट और जेईई की परीक्षा को स्थगित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं करेगी तो राज्य सरकारें संयुक्त रूप से सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकते हैं। सोनिया गांधी की सात राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में सभी मुख्यमंत्रियों ने अपने अपने पक्ष रखे। इतना ही नहीं ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को कोरोना महामारी से निपटने के लिए राज्यों को पीएम केयर्स फंड से धन वितरित करना चाहिए। दरअसल, कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को केंद्र सरकार पर राज्यों के बकाया जीएसटी और नीट-जेईई परीक्षा को एक बैठक की। बैठक में कांग्रेस शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शामिल हुईं। बैठक में मौजूद सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने परीक्षा आयोजन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने पर सहमति जताई है।

## पंजाब के 23 विधायकों की कोरोना रिपोर्ट आई पॉजिटिव , 28 अगस्त से शुरू होना है विधानसभा सत्र



**पंजाब।** पंजाब में बढ़ता कोरोना वायरस का संक्रमण में अब विधायक और मंत्रियों को भी अपनी गिरफ्त में ले रहा है। मिली जानकारी अनुसार पंजाब विधानसभा के अब तक 23 सदस्यों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। गौरतलब है कि दो दिन बाद ही 28 अगस्त को पंजाब अपनी 117 सदस्यीय विधानसभा का एक दिवसीय सत्र आयोजित करने वाला है। पॉजिटिव आए विधायकों में पूर्व हॉकी ओलंपियन परगट सिंह जालंधर कैंट से कांग्रेस के विधायक, गुरप्रताप वडाला नकोदर से विधायक, शिरोमणि अकाली दल के सदस्य, राजपुरा के कांग्रेस विधायक और घनौर हरदयाल सिंह कंबोज और मदन लाल जलालपुर, सांचौर हरिंदर पाल चंदूमाजरा, आप विधायक कुलवंत सिंह इसी के साथ उद्योग और वाणिज्य मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा भी शामिल है। सूत्रों के मुताबिक अभी और विधायकों के कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट आना बाकी है।

# महाराष्ट्र इमारत: मलबा हटाने वाले व्यक्ति की लगातार काम करने के लिए हो रही तारीफ



**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में पांच मंजिला इमारत के गिरने के बाद बचाव कार्य में लगे एक भारी मशीन के संचालक को प्रशासन और स्थानीय लोगों से प्रशंसा मिल रही है क्योंकि उन्होंने इमारत के मलबे को हटाने के लिए एक तरह से लगातार काम किया है। यह इमारत सोमवार देर शाम गिर गई थी जिसमें 15 लोगों की मौत हुई। हालांकि अधिकारियों ने बुधवार सुबह करीब 11 बजकर 30 मिनट पर बचाव अभियान रोक दिया लेकिन इस स्थल से मलबा हटाने का काम वास्तव में अब भी जारी है। मशीन के संचालक 24 वर्षीय किशोर भागवत लोखंडे अपने माता-पिता और भाई-बहनों के साथ महाड के बस स्टैंड के निकट रहते हैं। उन्हें सोमवार शाम में अपने कार्यालय की तरफ काजलपुरा जाने के लिए फोन आया। यहीं पांच मंजिला इमारत गिरी थी। लोखंडे ने पीटीआई-भाषा को बताया, च्च् मुझे एक पोक्लैन मशीन से स्थल से मलबा हटाने के लिए कहा गया था और तब से मेरा काम जारी है क्योंकि स्थल से अब भी काफी मलबा हटाना है। उन्होंने कहा, सोमवार से मैं बचाव दलों की मलबे में शवों की तलाश करने में मदद कर रहा हूं। इस अवधि के दौरान मैं मशीन से करीब चार बार ही उतरा हूं, या तो शौच जाने के लिए या फिर कुछ मीडिया कर्मी मेरी तस्वीरें लेना चाहते थे, उसके लिए। संचालक ने कहा कि इस घटना में मरने वाले लोगों के लिए उन्हें दुख हो रहा है। लोखंडे ने कहा, मुझे दुख हुआ कि इस घटना में कई लोगों की मौत हो गई। लेकिन जब बचाव दल ने चार साल के बच्चे को मलबे से जिंदा निकाला तो मुझे बहुत खुशी हुई। लोखंडे ने बताया कि उन्होंने बचाव दल को कम से कम 10 शव बरामद करने में मदद की थी। एक पुलिस अधिकारी ने लोखंडे को बिना रूके लगातार काम करने के लिए च् असली हीरो बताया। अधिकारी ने कहा कि लोखंडे पिछले 30 घंटे से ज्यादा समय से मलबे को हटा रहे हैं। लोखंडे के अलावा अन्य जेसीबी और डंपर मशीन चलाने वाले संचालकों की भी अधिकारी प्रशंसा कर रहे हैं। लोखंडे ने कहा कि इमारत को गिरा हुआ देखकर और मलबे से शवों को निकालते हुए देखकर, उनका मन खाने का नहीं हुआ। संचालक ने कहा कि मंगलवार को दोपहर में उन्होंने दो समोसे खाये और रात में खिचड़ी खाई थी। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता था कि खाने का समय भी वह बचाव अभियान में दे दें। मराठवाड़ा के बीड जिले से ताल्लुक रखने वाले लोखंडे ने कहा कि वह कुछ साल पहले नौकरी की तलाश में मुंबई आए थे। इसके बाद छह साल से वह ऐसी मशीनों को चला रहे हैं।

## देश में खुलने जा रही है पहली ऑनलाइन उधार की दुकान, ग्राहकों को अभी खरीदो भुगतान बाद में की होगी सुवि

**नई दिल्ली ।** फिनटेक कंपनी मुद्राविक फिनटेक क्रेडिटकार्ट फिनकॉम नाम से देश में एक ऐसा प्लेटफॉर्म लेकर आ रही है जो पहली ऑनलाइन उधार की दुकान होगी और इसकी शुरूआत 28 अगस्त से होगी। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह दुकान 28 अगस्त से चालू हो रही है। देश के टियर 2,3,4 और 5 शहरों में ग्राहकों को अब अभी खरीदो, भुगतान बाद में की सुविधा प्राप्त होने जा रही है, वे बगैर ब्याज या प्रोसेसिंग फीस के ही खरीददारी कर सकेंगे। उसने कहा कि आर्थिक दृष्टि से फिनकॉम अर्थात कॉमर्स और फाइनेंस का मिश्रण बहुत आवश्यक हो गया है। इससे गति और आरामदायक अनुभव दोनों ही मिलते हैं। जिसके कारण ग्राहकों को सीधे उधारी की सुविधा मिल सकेगी। इससे भुगतान प्रक्रिया से वे बच सकेंगे, साथ ही उन्हें उनके बैंक बैलेंस और अन्य वित्तीय संस्थाओं पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उसने कहा कि उसके प्लेटफॉर्म पर भारतीय उत्पादक और ग्राहक एक ही कड़ी से जुड़ सकेंगे। इससे स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही ग्राहक जब वेबसाइट पर साइनअप करेंगे तब उन्हें अभी खरीदो, भुगतान बाद में का विकल्प उपलब्ध होगा। इसमें शून्य प्रतिशत ब्याज दर होगी। किसी भी प्रकार का डाउनपेमेंट या प्रोसेसिंग फीस नहीं लगेगी। जिनके पास स्माटर्फोन हैं, वे अब आसानी से इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से शॉपिंग कर सकेंगे। जिनके पास स्माटर्फोन हैं, वे अब आसानी से इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से शॉपिंग कर सकेंगे। इस प्लेटफॉर्म पर कपड़े, फुटवेयर, बैग, इस प्लेटफॉर्म पर कपड़े, फुटवेयर, बैग, विविध एक्सेसरीज, घर संबंधी वस्तुएं, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएँ आदि उपलब्ध होंगी और देश के 26 हजार से अधिक पिनकोड पर वस्तुओं की डिलिवरी की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार



### जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा दिए जाने को लेकर पैंथर्स कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**कठुआ।** जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा दिए जाने सहित अन्य विभिन्न मुद्दों को लेकर पैंथर्स पार्टी ने प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय पर शहीदी चौक में कार्यकर्ताओं ने स्लोगन उजागर करते हुए नारेबाजी कर अपनी आवाज उठाई। प्रदर्शनकारियों की अगुवाई कर रहे पैंथर्स के जिला प्रधान राबिन शर्मा ने कहा कि विभिन्न मुद्दों को लेकर पैंथर्स कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मुख्य मांगों में एक तो जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाए, 4 जी इंटरनेट को बहाल किया जाए साथ ही रोजगार को लेकर भी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने 370 तो हटाई लेकिन राज्य जम्मू कश्मीर को यू.टी. का दर्जा दे दिया जोकि एक तरह से डिमोशन है। उन्होंने कहा कि वे सरकार से मांग करते हैं कि विभिन्न मुद्दों पर गौर करे नहीं तो पैंथर्स संभाग में जम्मू कश्मीर के लोगों के हितों को लेकर संघर्ष को और तेज कर देगी।

### सड़क न होने कारण मां-बच्चे को टोकरी में बिठाकर 6 किलोमीटर दूर एंबुलेंस तक पहुंचाया गांववालों ने

**नेशनल डेस्क।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक बीमार महिला और उसके नवजात बच्चे को एम्बुलेंस तक पहुंचाने के लिए ग्रामीणों ने उन्हें टोकरी में बिठाकर 6 किलोमीटर लंबा रास्ता पैदल तय किया। दोनों की हालत स्थिर है। सूरजपुर जिले के अधिकारियों के अनुसार एम्बुलेंस को घने जंगलों के मध्य बसे गांव तक पहुंचना संभव नहीं था इसलिए यह प्रयास किया गया। हालांकि अब गांव तक सड़क बनाने पर विचार किया जा रहा है। जिले के ओड़गी विकासखंड के अंतर्गत बैजनपाठ गांव निवासी कृष्णा प्रसाद यादव ने बुधवार को बताया कि उसकी पत्नी रामदसिया (22) ने इसी महीने एक बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे के जन्म के बाद से ही मां की हालत ठीक नहीं थी। जब सोमवार को उसे अस्पताल ले जाने की नौबत आई तब गांव तक एम्बुलेंस का पहुंच पाना मुश्किल हो गया था। बाद में परिजनों की मदद से कांवर के सहारे दोनों को एम्बुलेंस तक पहुंचाया गया। यादव ने बताया कि सोमवार को उसकी पत्नी की हालत बिगड़ी तब उन्होंने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र को इसकी सूचना दी। लेकिन जानकारी मिली कि एम्बुलेंस वहां तब नहीं पहुंच सकती है, तब कांवर के सहारे दोनों को छह किलोमीटर दूर खोहरी गांव तक पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि बाद में दोनों को बिहारपुर गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सूरजपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रानसाय सिंह ने बताया कि बैजनपाठ गांव में महिला के बीमार होने की जानकारी मिलने पर बिहारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर सहित एक टीम खोहरी गांव तक पहुंच गयी थी। खोहरी गांव तक ही एम्बुलेंस पहुंच सकती है। सिंह ने बताया कि महिला और बच्चे को एम्बुलेंस तक लाने के लिए ग्रामीणों को लगभग 6 किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। इसके बाद वहां से मां-बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। उन्होंने बताया कि दोनों की हालत स्थिर है। सूरजपुर जिले के जिलाधिकारी रणबीर शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन जल्द ही मनरेगा योजना के तहत क्षेत्र में गांवों को जोड़ने के लिए सड़कों को मंजूरी देगा। शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश की सीमा से लगे ओड़गी विकासखंड में लगभग 15 गांव हैं।

### दाऊद के पाकिस्तानी अड्डे का खुलासा, बौखलाया दाऊद पहुंचा आईएसआईएस और पाक सेना की शरण में

**इस्लामाबाद।** वर्ष 1993 के मुंबई बम धमाकों का मुखे य आरोपी दाऊद इब्राहिम अपने ठिकानों के खुलासे बौखला गया है। दाऊद ने अब अपनी सुरक्षा के लिए मदद की गुहार लगाई है। सूत्रों के मुताबिक दाऊद इब्राहिम ने पाकिस्तानी सेना के कुछ अधिकारियों से सुरक्षा के लिए मदद मांगी है। उसने से भी सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा है। दाऊद की गुहार के बाद उसके कराची स्थित घर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। घर के ऊपर भी सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। माफिया डॉन पूरी सुरक्षा में अपने परिवार के साथ रह रहा है। कराची का यह डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी का इलाका पाकिस्तान के सबसे महंगे इलाकों में से एक है। इसी इलाके में दाऊद के भाई अनीस और नूरा इब्राहिम का परिवार भी रहता है। सूत्रों ने बताया कि ठिकानों की पोल खुलने के बाद दाऊद ने अपने भाई अनीस इब्राहिम, साथी शकील बाबू मिया शेख ऊर्फ छोटा शकील से भी बात की है। भारत का मोस्ट वांटेड माफिया डॉन कराची के बेहद पॉश इलाके में रहता है। इसी इलाके में पाकिस्तानी सेना के कई शीर्ष अधिकारी भी रहते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दाऊद इब्राहिम न केवल पाकिस्तान में रहता है बल्कि उसे इमरान खान सरकार और आईएसआई से पूरी मदद मिलती है। पाकिस्तान ने दाऊद इब्राहिम समेत 88 प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनके आकाओं पर कार्रवाई करने का ढोंग किया था। पाकिस्तान ने जो दस्तावेज जारी किया है, उसमें बताया है कि शेख दाऊद इब्राहिम कासकर का जन्म भारत के महाराष्ट्र में रत्नागिरी के खेर में 26 दिसंबर, 1955 को शेख इब्राहिम अली कासकर के घर में हुआ था। उसकी नागरिकता भी भारतीय बताई गई है। साथ ही उसके सभी नामों जैसे दाऊद हसन, अह्वुल हमीन अब्दुल आजीज, दाऊद साबरी, दाऊद भाई, हाजी भाई, बड़ा भाई, आदि का जिक्र भी किया गया है।

### गुपकर एजेंडा के समर्थक, पाकिस्तान के समर्थक हैं : भाजपा

**जम्मू।** भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई ने केंद्रशासित प्रदेश की विपक्षी पार्टियों द्वारा राज्य का विशेष दर्जा बहाल करने की लड़ाई लड़ने के प्रस्ताव की मंगलवार को निंदा की और कहा कि च्गुपकर एजेंडे के समर्थक, पाकिस्तान के समर्थक हैं।ज्ज् जम्मू-कश्मीर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैना ने यहां मुख्यालय में पार्टी कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य धारा की पार्टियों विशेषकर नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस पर पिछले सप्ताह उनके द्वारा घोषित गुपकर घोषणा पत्र को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, च्च् गुपकर एजेंडा के समर्थक पाकिस्तान के समर्थक हैं...वे देश विरोधी एजेंडा लेकर चल रहे हैं और इलाके में खून खराबे के लिए जिम्मेदार हैं।ज्ज् इस बैठक में वीडियो कांफ्रेंस के जरिये केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह भी शामिल हुए। गौरतलब है कि 22 अगस्त को छह क्षेत्रीय पार्टियों ने पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने के फैसले को असंवैधानिक करार देते हुए फिर से इसकी बहाली के लिए मिलकर संघर्ष करने का ऐलान किया था।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# यूरिया की कालाबजारी रोकने हेतु कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

ललितपुर(एजेसी) आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले की समस्त तहसील मुख्यालयों पर किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु धरना प्रदर्शन व ज्ञापन दिया !

ललितपुर तहसील मुख्यालय पर धरना के समय हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह राजपूत ने की व संचालन रामनरेश दुबे ने किया !

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हो या उत्तर प्रदेश की योगी सरकार दोनों मिलकर ही किसानों और आम जनता को नींबू की तरह निचोड़ रही हैं , महंगी खाद , महंगा डीजल , महंगी बीज , महंगी दवाइयां डाल करके फसल की जो लागत बैठती है उतनी कीमत भी किसान को फसल बिक्री की नहीं मिलती उसकी मेहनत की तो कौन कहे , वक्ताओं ने कहा कि इस समय प्रदेश के ध्यान के किसानों के लिए यूरिया की आवश्यकता है लेकिन उन्हें यूरिया पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा है बल्कि उसकी कालाबाजारी हो रही है जिससे किसान एक बार फिर अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहा है सरकारी व्यवस्थाएं चारों ओर चौपट हैं और किसान व आमजन को लूटा जा रहा है।

वक्ताओं ने कहा कि चाहे मोटर व्हीकल एक्ट हो अथवा महंगा डीजल हो , बढ़ती महंगाई हो हर ओर से आम जनता को और किसानों को परेशान किया जा रहा है ! ललितपुर में ही पिछले वर्ष का फसल का बीमा अभी हजारों किसानों को नहीं दिया गया है उन्होंने कहा की सरकार अपने अहंकार में डूबी हुई है और जनता की आवाज को दबाया जा रहा है जहां कहीं भी कांग्रेस जनता की आवाज को उठाने का प्रयास करती है उत्तर प्रदेश की सरकार पुलिस भेज कर या तो नेताओं को गिरफ्तार करती है या धरना–प्रदर्शन में बाधा उत्पन्न करती है उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जो भी पत्रकार सरकार के खिलाफ आवाज उठाते हैं उन पर मुकदमे लाद दिए जा रहे हैं इस तरह से दमन चक्र चला कर जनता का जबरदस्त उत्पीड़न किया जा रहा है ! वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रदेश और केंद्र की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का हर कार्यकर्ता संघर्ष करता रहेगा और जब तक लोगों को न्याय नहीं मिल जाता कांग्रेस पार्टी चैन से नहीं बैठेगी। उक्त कार्यक्रम के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा चल रहे संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बिरधा ब्लाक के बालाबेहट न्याय पंचायत में नया पंचायत के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें पार्टी के अतिरिक्त 20 अन्य लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता के फार्म भरे

## कानपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित ने अपराध से पीड़ित पत्रकारों को जान माल सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस देने की जिला प्रशासन से की माँग ।

**ज्ञापन के माध्यम से पत्रकार हितों की माँग ।**

**उत्तर प्रदेश में हो रही पत्रकारों की हत्या के विरोध में कानपुर प्रेस क्लब ने जताया कड़ा विरोध**

संजय मौर्य,उत्तर प्रदेश ब्यूरो

कानपुर उत्तर प्रदेश में पत्रकारों की हत्या को लेकर पूरे प्रदेश के पत्रकारों में रोष व्याप्त है जिसको व्यक्त करने के लिए आज कानपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री अवनीश दीक्षित और महामंत्री श्री कुशाग्र पाण्डेय के संयुक्त नेतृत्व में राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी कानपुर को सौंपा गया । ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतिनिधि के रूप में शिक्षकपार्क पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट हिमांशू गुप्ता को दिया गया । प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने सरकार से मांग की तीन हत्याओं की निष्पक्ष जांच करा कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के साथ सजा हो साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा की जाए और पत्रकारों को आत्म सुरक्षा के लिए जो अपराध से पीड़ित हैं उनको जिलाधिकारी शस्त्र लाइसेंस स्वीकृत करें ताकि पत्रकार अपनी जान – माल की सुरक्षा स्वयं कर सके !

प्रेस क्लब अध्यक्ष ने मांग की मृतक के परिवारों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता एवं तीनों पत्रकारों के परिवार के एक – एक व्यक्ति को उसकी शिक्षा के अनुसार सरकारी नौकरी दी जाए ।

वही कानपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष , महामंत्री ने एक सुर में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने की प्रबल मांग की और यह भी निर्णय लिया गया शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से भेंट कर अपनी मांगों को शीघ्र पूरा कराने का भी मांग करेगा ।

प्रेस क्लब कार्यकारिणी सदस्य चंदन जयसवाल ने कहा कि बढ़ते हुए अपराधों पर सरकार शीघ्र ही अंकुश लगाए और इस बात को सुनिश्चित करें की भविष्य में किसी भी प्रकार का उत्पीड़न नहीं होगा । कानपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष महामंत्री और सभी पदाधिकारियों और पत्रकार बंधुओं ने यह निर्णय लिया की अगर शासन , प्रशासन इस मांगों को नहीं मानेगा तो कानपुर प्रेस क्लब के नेतृत्व में चरणबद्ध तरीके से इसके लिए आंदोलन किया जा सकता है ।

ज्ञापन देने वालों में कानपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित , महामंत्री कुशाग्र पाण्डेय , उपाध्यक्ष नीरज अवस्थी , सुनील साहू , कोषाध्यक्ष अभिलाष बाजपेई , मंत्री मनोज यादव , कार्यकारिणी सदस्य चंदन जयसवाल , मोहम्मद इरफान , लालू चौहान , मोहित वर्मा , पिंटू सिंह , अमित यादव , अभिनव श्रीवास्तव , इब्ने हसन जैदी , अनुज मिश्रा , दीपक सिंह , विकास मोहन बाजपेई , अमन तिवारी , ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा , सहित पत्रकार रमन गुप्ता , दीप त्रिवेदी , अभिषेक मिश्रा ,फुरकान



खान ,बबलू जायसवाल ,विक्रम चौधरी ,शुभम शुक्ला ,रोहित, नौशाद खान,शशांक शुक्ला ,अंकित सिंह , तारिक खान , निखिल गुप्ता ,अजय पत्रकार , बलराम पांडे , राहुल वाजपेई ,आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## एनसीसी कैडेटों द्वारा फिट इंण्डिया के तहत लोगो जगरूत किया।

कानपुर किदवई नगर स्थित कानपुर कन्या महाविद्यालय के 17 यू पी गर्ल्स बटालियन की एनसीसी के कैडडौ द्वारा फिट इंडिया के तहत दौड के माध्यम से स्वास्थ्य रहने के लिए लोगों को जागरूक किया गया उसके साथ साथ साथ फिट इंडिया के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया गया । कैड. डौ लोगों को बताया कि लोगों को जानकारी दी अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिएकम से कम 30मिन्ट देना चाहिए। जिससे उनका शरीर स्वस्थ एवं निरोग रहेगा। 29 अगस्त 2019 को फिट





इंडिया प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया । कार्यक्रम में लगभग 70 के कैडडौ छात्राओं मैं भाग लिया कार्यक्रम का संचालन संचालन एन सी सी टीचर शैलजा रावत द्वारा किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज से शुरू होकर किदवई नगर, चौराहा होते हुए यशोदा नगर रोड पर बनी केसा हाउस हाउस तार बंगलिया रोड होते हुवे गौशाला चौराहा बारादेवी चौराहा होते हुए छात्राएं वापस कालेज आई ।

## डॉ नारायण सुब्बाराव हाडीकर की 45 वी पुण्यतिथि पर पौधारोपण किया गया ।

कानपुर ।कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड कानपुर नगर/ग्रामीण कमेटी के द्वारा कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर की 45 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जरौली फेज 2 गांधी पार्क मैं जिला अध्यक्ष सुशील सोनी ने पुष्प अर्पित कर पौधरोपण किया गया। उनके बताए मार्ग पर चलकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

सेवादल यंग ब्रिगेड बुंदेलखंड जोन के प्रदेश अध्यक्ष श्री संगीत तिवारी ने वर्तमान परिपेक्ष में सेवादल की भूमिका की जानकारी दी। कहा कि सेवादल कोई मामूली संगठन नहीं है यह कांग्रेस के अनुशासित स्वयंसेवकों की ऐसी फौज है जिसने आजादी की लड़ाई में भी कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी और आजादी के बाद भी आज तक निस्वार्थ सेवा भावना से कांग्रेस के प्रत्येक कार्यक्रम, अधिवेशन, रैलियों, सम्मेलनों आदि में सेवादल को सौपी गई जिम्मेदारियों का सेवादल के कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करते हैं। उन्होने कहा कि सेवादल का महत्व इसी बात से प्रतीत हो जाता है कि डॉ. क्रन्द्{ड्डुए पं. जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी आदि नेता स्वयं सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने इस अवसर पर यह भी कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में सेवादल को ओर अधिक महत्व दिए जाने की आवश्यकता है। वर्तमान में कांग्रेस पार्टी संघर्ष के दौर से गुजर रही है ऐसे में सेवादल कार्यकर्ताओं का धर्म और दायित्व है कि वह घर–घर जाकर भाजपा की कथनी और करनी से अवगत कराकर आम जनता को जागरूक करे। साथी तिवारी जी



ने नगर ग्रामीण कमेटी में 20 लोगों को कांग्रेस यंग ब्रिगेड की कैप पहना कर सदस्यता ग्रहण कराई इस मौके पर प्रदेश महासचिव प्रियांशु मिश्रा, संजय अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुशील

## उद्योग बन्धु की बैठक, विद्युत, प्रदूषण, खाद्य सुरक्षा के लम्बित प्रकरणों को 7 दिनों में करे निस्तारित: वैभव श्रीवास्तव

**उद्यमियों की समस्याओं को गम्भीरता से ले अधिकारी: डीएम**

रायबरेली जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बचत भवन के सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए आये हुए अधिकारियों व उद्योग बन्धु से सम्बन्धित समस्त उद्यमियों का परिचय लेते हुए अधिकारियों से कहा कि उद्योग बन्धु उघमियों की समस्याओं का निराकरण का एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण युद्धस्तर पर करें। उद्यमियों की समस्याओं को गम्भीरता से लिया जाये यदि समस्या का निराकरण जिलास्तर पर न हो उसे मण्डल स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक में नियामनुसार रखकर कर उसका निराकरण कराये। उद्यमियों के लाभ परक योजनाओं को का लाभ बढ़चढ कर दिलाया जाये। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में साफ–सफाई विद्युत आदि पर भी चर्चा हुई तथा साफ–सफाई, विद्युत सम्बन्धित कार्यो को दुरूस्त रखने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। उद्यमियों को एक जनपद एक उत्पाद, मुद्रा योजना के लाभ, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एकलमेज व्यवस्था आदि के बारे में बताया गया वही विद्युत अबाध आपूर्ति, सड़क/नाली निर्माण आदि प्रमुख बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई तथा सम्बन्धित आधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिये गये। नगर पंचात/नगर पालिका परिषद को साफ–सफाई व्यवस्था पालीथीन रोक पर ध्यान देनें के निर्देश दिये। औद्योगिक क्षेत्र में साफ–सफाई की व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को दिये गये।

एक जनपद एक उत्पाद, खादी ग्रामोद्योग/जिला उद्योग की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की चर्चा की गई जिसमें बताया गया कि यदि लक्ष्य पूरा न हो तो उसे तत्काल पूर्ण किया जाये। बैठक में उद्योग बन्धुओ के उद्यमियों ने बताया कि सुल्तानपुर रोड उद्यमी ऐरिया में विद्युत की समस्या, अपराधिक किस्म के लोग घुमते रहते है जिससे चोरी इत्यादि होती रहती है। इस पर डीएम ने एएसपी को निर्देश दिये कि उस एरिया में पुलिस चैकी की स्थापना करने के साथ ही पेट्रोलिंग आदि अधिक से अधिक की जाये। इसके अलावा उद्योग एरिया में विद्युत, पानी, साफ–सफाई, सड़क मरम्मत, पुलिया निर्माण आदि की व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने के लिए नगर पलिका, विद्युत विभाग, जल निगम को निर्देश दिये। कई उद्यमी द्वारा बताया गया कि उनके यहां बिजली बिल, हाउस टेक्स आदि समय से प्राप्त नही होता है इसके अलावा अधिशाषी अभियन्ता विद्युत के पास समस्या ले जाने पर अनावश्यक रूप से टाल देंते है इस पर डीएम ने सम्बन्धित अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिये कि अगली बैठक में विद्युत आदि समस्याओं को निस्तारण नियमानुसार किया जाये। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिये कि खाद्य सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण, नगर पालिका आदि से सम्बन्धित जो भी प्रकरण लम्बित है उन्हें एक हफ्ते में नियमानुसार निस्तारित किया जाये।



## चोरो ने तीन घरों मे बोला धावा लाखों का माल पार

साढ़ थाना क्षेत्र के कोरथा गांव में बीती रात चोरों ने तीन घरो को निशाना बनाया ।जिसमें जेवर व नगदी समेत लाखो का माल पार कर दिया। घटनाक्रम के अनुसार' घर पीछे पेड़ के सहारे चोर चढ़कर घर मे दाखिल होकर बक्शे में रखे 1 जोड़ी झुमकी ,झाला, चैन ,अंगूठी,सोने की,पायल ,1 जोड़ी तोढिया, व 2500 रु नगद पार कर दिए ।घर मे श्यामसुंदर की पत्नी सुनीता,व 4 बेटियां सन्ध्या, सपना,संजीव,गोलू तिवारी,व बेटा शिवम सोता रहा ।किसी को भनक तक नही लगी, इसी प्रकार उन्ही के पड़ोस में रमेश पासवान प्रधान के घर को भी चोरो ने निशाना बनाया ।उनके घर से 5 हजार नगद,1 जोड़ी पायल ,व एक जोड़ी तोढिया चोरी कर ले गए ।इसी पर्क्सर गोरेलाल के भी घर से 2 हजार नगद,व एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गए ।मौके पर पहुची साढ़ पुलिस ने जांच करनी शुरू कर दी है ।थानाध्यक्ष पी ए बाजपेयी ने बताया कि जांच की जा रही है जल्द ही खुलासा किया जाएगा।





## मंदिर से घंटे चोरी

कानपुर भीतरगांव चौकी क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव स्थित शंकर भगवान का मठेश्वर मंदिर में बीती रात लगभग पचास किलो पीतल के घंटे चोरी हो गये प्रधानपति गोपाल पाण्डेय ने बताया कि घंटो की कीमत लगभग बीस हजार रुपये के लगभग है। और एक पंखा भी चोरी हुआ। पुलिस चौकी भीतरगांव को सूचना दे दी गई है

चौकी इंचार्ज भीतरगांव राजेश कुमार बाजपेयी ने बताया कि मौके पर पहुंच जांच की है कार्यवाही की जा रही है





## सार–समाचार

एसपी साउथ दीपक भूकर द्वारा आज थाना गोविंदनगर के अन्तर्गत प्ब्ब् बैंक नियरगोविंदपुरीपुल के सायरन,कैमरा आदि का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया साथ ही बैंक अधिकारी/कर्मचारिगण व सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।



### कानपुरः– जिला सहकारी बैंक के बाहर अज्ञात युवक का सड़क किनारे पड़ा मिला शव



कानपुर /थाना जूही व थाना किदवई नगर क्षेत्र में पैदल मार्च कर अतिक्रमण हटवाया गया साथ ही संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैकिंग की गयी व लोगों को कोरोना के बचाव के संबंध में जागरूक कर मास्क की अनिवार्यता से अवगत कराया गया।





## उत्तर प्रदेश में अगले 3 दिनों में हो सकती है बारिश

लखनऊ(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में मानसून के जल्द जोर पकड़ने के साथ अगले तीन दिनों में बारिश की प्रबल संभावना है। आंचलिक मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में 27 अगस्त से बारिश होने की पूरी संभावना है और यह सिलसिला 28 और 29 अगस्त तक जारी रहेगा। फिलहाल प्रदेश में मानसून की चाल धीमी है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कुछ स्थानों पर बारिश हुई अथवा गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ीं।

## यूपी में कोरोना के चलते टल सकते हैं पंचायत चुनाव पंचायती राज विभाग भी कोरोना संक्रमण से निपटने में लगा

लखनऊ(एजेंसी)। कोरोना संकट को देखते राज्य सरकार पंचायत चुनाव अभी टालने के मूड में है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक पंचायत चुनाव को आगे बढ़कार साल 2021 में कराए जाने की उम्मीद है। इस पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है और जल्द कोई फैसला लेकर राज्य निर्वाचन आयोग को अवगत कराएगी। प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि कोरोना काल में चुनाव की जैसी तैयारी होनी चाहिए, वैसी हो नहीं पाई है। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए पूरी सरकार कोरोना के संकट से निपटने में लगी है। अभी इसे कराने के लिए हमें कम से कम 6 माह का समय चाहिए। स्थितियां सामान्य होने पर देखा जाएगा।

वहीं, शासन के एक अधिकारी ने बताया कि सरकार की ओर जल्द निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि 25 मार्च से लॉकडाउन के बाद करीब दो माह से सभी कामकाज ठप रहे। इसके बाद सभी जिले में कोरोना का संक्रमण रोकने में लगे हैं। इसमें पंचायती राज विभाग भी शामिल है। इस कारण न तो वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण हो पाया और न ही पंचायतों को परिसीमन प्रक्रिया हो पाई है। कई पंचायतें नगर–निगम का हिस्सा हो गई है। ऐसे में सरकार के लिए अभी चुनाव करा पाना मुश्किल दिख रहा है।

## छात्रा ने स्कूल प्रबंधक पर लगाया बलात्कार का आरोप

गोरखपुर (एजेंसी)। स्कूली छात्रा ने प्रबंधक पर बलात्कार का आरोप लगाया है। छात्रा ने पिता के जरिए पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 30 जुलाई को आर एम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक हरेन्द्र यादव ने उसे घर बुलाकर बलात्कार किया।

शिकायत के आधार पर पाक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। छात्रा का यह आरोप भी है कि प्रबंधक ने कथित तौर पर उसका वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया और धमकी दी कि वह वीडियो वायरल कर देगा।

हालांकि छात्रा ने कुछ दिन बाद पूरी घटना परिवार वालों को बतायी और उसके पिता ने पुलिस को सूचित किया लेकिन आरोपी को पकडा नहीं जा सका।

इसके बाद पिता ने बेटी के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और एसएसपी जोगिन्दर सिंह से मुलाकात की, जिसके बाद प्रबंधक के खिलाफ बलात्कार और पाक्सो की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

छात्रा गोरखपुर के एक गांव की रहने वाली है।

मामले को गंभीरता से नहीं लेने और उच्चाधिकारियों को इस बारे में सूचित नहीं करने के लिए संबंधित थाना प्रभारी को पुलिस लाइन भेज दिया गया है।